विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 112 | कोरबा, रविवार , दिनांक 21 जनवरी 2024 डाक 22 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**
अभिनेता और भाजपा सांसद हेमा मालिनी महासंस्कृति महोत्सव में रामायण पर आधारित एक नृत्य नाटिका के दौरान प्रस्तुति देती हुई



**देश-विदेश**
राम धुन में मग्न पूरा देश, अयोध्या में सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**फीचर पेज**
सावधान! आपका ब्रेन खा सकता है पत्तागोभी का कीड़ा, पनप सकती हैं दिमागी बीमारियां



# 28 साल टेंट और अस्थायी मंदिर में रहने के बाद आज रात 8 बजे भव्य मंदिर में आएंगे राम लला विराजमान



**अयोध्या, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया है कि अभी अस्थायी मंदिर में स्थित राम लला विराजमान की मूर्ति को आज ही नए मंदिर में लाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बीच आज रात 8 बजे बाद शुभ मुहूर्त में यह कार्य किया जाएगा। राम लला विराजमान करीब 28 सालों से टेंट और अस्थायी मंदिर में हैं। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रविवार को एकादशी है और शुभ मुहूर्त में राम लला को नए मंदिर में लाया जाएगा। मंदिर परिसर का भ्रमण करवाते हुए राम लला को वहां रखा जाएगा, जहां नई मूर्ति स्थापित की गई है। इसी नई मूर्ति की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## गर्भगृह के आसपास बैठेंगे 7140 मेहमान, डिजिटल आईडी से मिलेगी सीट, अयोध्या-लखनऊ में लैंड करेंगे 150 विमान

**अयोध्या, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जारी अनुष्ठान का आज छठवां दिन है। चंद घंटों बाद वो शुभ घड़ी आने वाली है, जिसका इंतजार सनातन धर्म को 500 सालों से है। मेहमानों का अयोध्या पहुंचना शुरू हो चुका है। रविवार को भी कई मेहमान पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को ही अयोध्या जाएंगे। पीएम



सरयू नदी में डुबकी भी लगा सकते हैं। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेंगे और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। पूरा देश इस टीवी पर लाइव देखते हुए इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनेगा।

पीएम मोदी ने अपने एक्स हेंडल पर लिखा, रामलला के आगमन को लेकर हर तरफ उनके भक्तों के जोश भरे उद्गार देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर से जुड़ा यह गीत इसी भावना को अभिव्यक्त करता है।



## रामेश्वरम में जहां से हुआ था रामसेतु निर्माण, वहां पीएम मोदी ने भगवान राम के निशानों पर की पूजा

**रामेश्वरम, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत की यात्रा पर हैं। रविवार सुबह पीएम मोदी रामेश्वरम में धनुषकोडी पहुंचे। यहां समुद्र तट पर अरिचल मुनाई बिंदु है। पीएम मोदी अभी दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। पीएम रविवार सुबह अरिचल मुनाई पॉइंट पहुंचे। यहां दर्शन किए। थोड़ी देर प्राणायाम भी किया। यहां अलग-अलग रंगों के फूलों से आकृति बनाई। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने लंका जाने के लिए यहीं से समुद्र से रास्ता मांगा था। रामायण में उल्लेख है कि भगवान राम ने इसी स्थान पर बैठकर समुद्र से प्रार्थना की थी कि वो रास्ता दे दे, ताकि उनकी वानर सेना लंका तक जा सके। भगवान राम ने 2 दिन तक समुद्र की आराधना की, लेकिन समुद्र देव उपस्थित नहीं हुए। इस पर भगवान राम को क्रोध आ गया। उन्होंने समुद्र को सुखाने के लिए तरकश से तीर निकाला और प्रत्यंचा चढ़ाई ही थी कि समुद्र देव प्रकट हो गए। बाद में यहीं से पुल बनाते हुए राम जी की सैना लंका पहुंची और रावण की वध कर सीता माता को सुरक्षित लेकर आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु दौरे पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगनाथस्वामी मंदिर में दर्शन किए। दोपहर में उन्होंने रामेश्वरम में रोड शो किया। इसके बाद प्रधानमंत्री रामेश्वरम के अग्नितीर्थम तट पर जाकर डुबकी लगाई और भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। पीएम मोदी ने रामायण पाठ और भजन संध्या में भी हिस्सा लिया।



## पीएम मोदी ने मणिपुर वासियों को उनके राज्य स्थापना-दिवस पर दी बधाई

**मणिपुर।** मेघालय और त्रिपुरा को अलग राज्य बने पांच दशक हो गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम 1971 के तहत मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को 21 जनवरी 1972 को अलग राज्य का दर्जा दिया गया था। मणिपुर स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। पीएम मोदी ने लिखा, राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। मणिपुर ने भारत की प्रगति में एक मजबूत योगदान दिया है। हमें राज्य की संस्कृति और परंपराओं पर गर्व है।

# 2 महिला और 1 पुरुष नक्सली के मारे जाने की एसपी ने की पुष्टि

**बीजापुर, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



आज सुबह जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के बलम नेंड्रा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों ने 2 महिला और 1 पुरुष नक्सली को मार गिराया, वहीं घटनास्थल से हथियार, विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के बलम नेंड्रा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी डीव्हीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुड्डू तेलम व अन्य 20 से 25 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी है। सूचना पर शुक्रवार को डीआरजी बीजापुर व कोबरा 210 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

अभियान के दौरान शनिवार की सुबह 7.30 बजे के करीब बेलम गुट्टा के पहाड़ी में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 2 महिला नक्सली व 1 पुरूष नक्सली को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से नक्सली शव सहित हथियार विस्फोटक प्रतिबंधित नक्सली संगठन की प्रचार-प्रसार की सामग्री नक्सली वर्दी दवाइयां व रोजमर्रा के सामान बरामद किये हैं। क्षेत्र में जवानों का सर्च अभियान जारी है।


## कुकी संगठन ने सुरक्षाबलों पर लगाए गंभीर आरोप, पुलिस ने भ्रामक बताकर किया इनकार



**इंफाल, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

हिंसाग्रस्त मणिपुर के मोरेह शहर में सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों, विशेष रूप से म्यांमार के घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू किया है। इस बीच, कुकी संगठन ने आरोप लगाया है कि सुरक्षाबल उग्रवादियों के साथ मिले हुए हैं। हालांकि, इन आरोपों से मणिपुर पुलिस ने इनकार कर दिया है। मोरेह म्यांमार की सीमा से सटा एक कस्बा है और राज्य सरकार का आरोप है कि पड़ोसी देश के शरारती तत्व पूर्वोत्तर राज्य में समस्या पैदा कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में यहां कई हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इस बीच, कुकी संगठन ने आरोप लगाया था कि मोरेह में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी गुटों के साथ सहयोग किया है।इस पर पुलिस ने बयान जारी कर इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है, जनजातीय एकता समिति (सीओटीयू) और कुकी इंपी मणिपुर द्वारा लगाए गए यह आरोप कि विद्रोही समूहों का सुरक्षाबल साथ दे रहे हैं, सही नहीं है।

# घने कोहरे का असर: देरी से चल रही दिल्ली आने वाली 11 ट्रेनें IGI एयरपोर्ट पर करीब 100 उड़ानें प्रभावित, यात्री परेशान



**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड़ का सितम जारी है। राजधानी में घने कोहरे से विजिबिलिटी कम हो गई है। इसका असर देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली ट्रेनों और IGI एयरपोर्ट से चलने वाली उड़ानों पर देखने को मिल रहा है। ताजा जानकारी के मुताबिक, देर रात से अभी तक करीब 100 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। प्रभावित उड़ानों में ज्यादा घरेलू हैं, इन फ्लाइट्स की उड़ान में आधे से दो घंटें की देरी हो रही है। कोहरे का असर आगमन और प्रस्थान होने वाली दोनों फ्लाइट्स पर देखा जा रहा है। समाचार एजेंसी के अनुसार, दिल्ली हवाईअड्डे पर कई फ्लाइट्स की उड़ानों में देरी हो रही है और कुछ रद्द हो गई हैं। इससे यात्री अपनी निर्धारित उड़ानों का इंतजार कर परेशान हो रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि आज रविवार को घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाईअड्डे पर फ्लाइट्स संचालन प्रभावित हो सकता है। इसके मद्देनजर अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर सलाह देते हुए यात्रियों से कहा कि वे अपनी फ्लाइट के तय समय से पहले संचालन संबंधित जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। साथ ही यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा के लिए खेद जताया है।

## ईरान समर्थित समूहों ने इराक में अमेरिकी सैन्यअड्डे पर दागीं रॉकेट और बैलिस्टिक मिसाइलें, कई कर्मी घायल

***बगदाद।*** *पश्चिमी इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों ने अमेरिका के सैन्यअड्डे पर रॉकेट और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया, जिसमें कई अमेरिकी कर्मी घायल हो गए। यूएस सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कहा कि कई सैन्य कर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं,*



*जिनकी जांच की जा रही है। हमले में एक इराकी सेवा का सदस्य भी घायल हुआ है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 20 जनवरी को शाम 6.30 बजे पश्चिमी इराक में अल-असद एयरबेस पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और रॉकेट दागी गईं। वायु रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को हवा में ही रोककर नष्ट कर दिया। हालांकि, कुछ मिसाइलें एयरबेस पर गिरीं। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कई अमेरिकी कर्मियों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं।*

## असम के स्कूल-कॉलेज में छुट्टी, होटल में नहीं मिलेगा नॉन वेज खाना, प्राण प्रतिष्ठा के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**नई दिल्ली।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम पूरे देश में है। हर कोई इस मौके का साक्षी बनना चाहता है। इसे देखते हुए 22 जनवरी को कई राज्यों में आधे दिन की छुट्टी का एलान किया गया है। इसी कड़ी में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने भी घोषणा की है कि 22 जनवरी को सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज की छुट्टी रहेगी। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने मीडिया से कहा, कल सभी स्कूल और कॉलेज पूरे दिन के लिए बंद रहेंगे। साथ ही, मैं सभी प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं के लिए भी निवेदन करता हूं कि वे भी कल छुट्टी दे दें। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन असम के लोग और विधायक सभी राज्य के विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों और चर्च में सफाई अभियान चलाएंगे। सीएम सरमा ने कहा, यह भारतीय सभ्यता की विजय है। मैं असम के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं। कल शाम 4 बजे तक मांस, मछली की दुकानें और बाजार बंद रहेंगे। कल सभी शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। होटलों में भी दोपहर दो बजे से पहले नॉन वेज खाना नहीं परोसा जाएगा। शाम चार बजे के बाद वे सभी अपना काम दोबारा शुरू कर सकते हैं।

# मालदीव में भारत के विमान को उड़ान की इजाजत नहीं राष्ट्रपति मुइज्जू की इस जिद से चली गई बच्चे की जान

**मालदीव , 21 जनवरी [एजेंसी]।**




मालदीव और भारत के बीच रिश्ते पहली की तरह नहीं रहे हैं, इनमें खटास आ गई है। ये कड़वाहट उस समय आई जब मालदीव के मंत्रियों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद से लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक गलत फैसले ने 14 साल के मासूम की जान ले ली। दरअसल, बच्चे को मेडिकल इमरजेंसी के लिए भारतीय डोर्नियर विमान की जरूरत थी, जिसकी अनुमति मालदीव सरकार नहीं दी। इलाज में देरी के चलते बच्चे की जान चली गई। भारत ने पहले चिकित्सा निकासी और अन्य उच्च उपलब्धता आपदा रिकवरी गतिविधियों के लिए दो नौसैनिक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान मालदीव को मुहैया कराया हुआ है।

हालांकि, भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के मालदीव सरकार की जिद के कारण भारतीय हेलीकॉप्टरों और विमानों का भाग्य अधर में है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने सैनिकों को वापस बुलाने को कहा है। हालांकि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि मुद्दे का समाधान खोजने के लिए बातचीत अभी भी जारी है।

# प्राण प्रतिष्ठा पर अवकाश के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका, लॉ के चार छात्रों ने दी यह दलील

**मुंबई, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को कानून की पढ़ाई करने वाले चार छात्रों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस जेएल कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की विशेष पीठ रविवार सुबह मामले की सुनवाई करेगी। जनहित याचिका दायर करने वाले छात्रों में शिवांगी अग्रवाल, सत्यजीत सिद्धार्थ साल्वे, वेदांत गौरव अग्रवाल और खुशी संदीप बंगिया शामिल हैं, जो मुंबई



स्थित एमएनएलयू, जीएलसी और निरमा लॉ स्कूल में विधि की पढ़ाई कर रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि किसी धार्मिक कार्यक्रम को मनाने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करना संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। छात्रों ने तर्क दिया कि कोई राज्य सरकार किसी भी धर्म के साथ जुड़ नहीं सकती या उसे बढ़ावा नहीं दे सकती। याचिका में कहा गया है कि एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन में खुले तौर पर भाग लेने, इसका जश्न मनाने और इस तरह एक विशेष धर्म से जुड़ने का सरकार का फैसला धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर सीधा हमला है।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | LEVI'S | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड करने के लिए पीएम मोदी ने जापान को दी बधाई

**नईदिल्ली, 21 जनवरी ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रमा की सतह पर सफलता पूर्वक अंतरिक्ष यान उतारने के लिए जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जक्सा) को बधाई दी। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, सॉफ्ट लैंडिंग के लिए प्रधानमंत्री किशिदा और जक्सा के सभी लोगों को बधाई। आशा करता हूं इसरो और जक्सा अंतरिक्ष खोजों में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि जापान का चंद्रयान स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (स्लिम) चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड किया था। ऐसा करने वाला वह रूस, अमेरिका, चीन और



भारत के बाद पांचवा सफल देश बना गया है। मून स्नाइपर के नाम से जाने जाना वाले इस यान का मकसद चांद के शिओली क्रेटर की जांच करना है। ये चांद के सी ऑफ नेक्टर हिस्से में है। इस हिस्से में स्नाइपर ये जांच करेगा की चांद कैसे बना था। जक्सा ने एजेंसी ने बीते साल 7 सितंबर को अपने यान को चांद के लिए रवाना किया था। जो 4 महीने से ज्यादा की यात्रा के बाद पहुंचा।

# समय पर संचालित हो आंगनबाड़ी केन्द्र और योजनाओं का मिले बच्चों, महिलाओं को लाभ

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और नोनी सुरक्षा योजना में प्रगति लाने के दिए निर्देश







**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की गहल समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय अनुसार संचालित हो और शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रो के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशारी बालिकाओं को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या बढ़ाने और नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए जाए और सेचुरेशन मोड में काम करते हुए इसमें प्रगति लाए। उन्होंने भवनविहीन, विद्युतविहीन, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर बदलने की दिशा में पहल करते हुए सभी केंद्रों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आगंनबाड़ी केंद्र समय पर खुलने और बंद होने के साथ बच्चों की उपस्थिति पर्याप्त हो। केंद्र में कोई कार्यकर्ता, सहायिका एवं सेक्टर सुपरवायजर बिना लिखित सूचना व अनुमति के मुख्यालय व कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित न रहे, इसका ध्याान रखा जाए। उन्होंने सेक्टर सुपरवायजर, सीडीपीओ और डीपीओ को अपने-अपने अधीनस्थ की मॉनिटरिंग करते हुए विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पारदर्शिता और शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में बाल विकास परियोजना अधिकारी और सेक्टर पर्यवेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होने की बात कहते हुए निर्देशित किया कि पर्यवेक्षक लगातार फील्ड पर निरीक्षण करे और कम से कम 15 दिवस के भीतर एक केंद्र का दो बार निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने बिना सूचना के अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी सेक्टर सुपरवायजरों को पोषण ट्रेकर एक्ट में जानकारी इंट्री करने, हितग्राहियों का आधार सत्यापन करने, शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं की जानकारी दर्ज करते हुए पोषण आहार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने महिला जागृति शिविर, सक्षम योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सक्षम योजना एवं अन्य वित्तीय सहायता जरूरतमंद और पात्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदान किया जाये। नवा विहान योजना, सखी वन स्टाप सेंटर, मिशन वात्सल्य की समीक्षा करते हुए बाल संप्रेक्षण गृह की सतत निगरानी करने और शासन द्वारा निर्धारित योजनाओं, सुविधाओं का लाभ बच्चों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभाग से जुड़े अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश, चिकित्सा, यात्रा भत्ता आदि आवेदनों का भी समय सीमा पर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि कुपोषण एक गंभीर समस्या है। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। आज के बच्चे कल के भविष्य है, हमें अपने देश के भविष्य को बेहतर बनाना है। हम सभी को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई बच्चा कुपोषण का शिकार न रहे, इस दिशा में काम करते हुए के माध्यम से उन्हें समय पर गरम भोजन, अण्डा, फल और पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराना जरूरी है। कलेक्टर ने किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं को गरम भोजन, रेडी टू ईट जैसा पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को प्रतिदिन प्रदाय की जाने वाली भोजन सहित पोषण आहार की जानकारी केन्द्र की दीवारों में लेखन करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुसार भोजन वितरण और केन्द्रों का संचालन समय दीवारों पर उल्लेख करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पदों को बिना किसी दबाव के पारदर्शिता और पात्रता के अनुसार किसी भी नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन न करते हुए भर्ती करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करें- अजीत



**कोरबा ।** ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सबसे महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत पात्र हितग्राहियों के आवास सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करायें ताकि मानसून के पूर्व हितग्राही अपने पक्के आवासों में निवास कर सके। उक्त निर्देश कलेक्टर अजीत वसंत ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद पंचायत के सीईओ को दिए। कलेक्टर ने कहा कि पांचों जनपदों के 3240 हितग्राहियों को तृतीय किश्त दी जा चुकी है। इन सभी हितग्राहियों के आवास एक माह के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किये जायें। जिले में अब तक 64 हजार में से 51 हजार ग्रामीण आवासों का निर्माण पूर्ण कराये जा चुके हैं। शेष आवासों को अप्रैल 2024 तक पूर्ण कर लिये जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि आवासों को पूर्ण कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। आवासों को पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव की जिम्मेवारी तय की जाये। इसके साथ ही जनपद पंचायत के सीईओ, एसडीओ आरईएस, सब इंजीनियर्स, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायकों के द्वारा गहन व सतत निरीक्षण किया जाये। हितग्राहियों को उनके आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए उन्हे प्रेरित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास निर्माण में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के 255 परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रथम किस्त जारी किया गया है। इन परिवारों के आवास निर्माण भी प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाएं। तकनीकी अधिकारियों द्वारा समन्वय करते हुए हितग्राहियों के आवास पूर्ण करने हेतु निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाये। वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री प्रदीप साहू, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती अमिता साहू, जनपद पंचायत के सभी सीईओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कोरबा जिले में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके आयोजन हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ को जनपद मुख्यालयों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत एवं जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ससम्मान आमंत्रित किया जाए। प्रत्येक विकासखण्ड के कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जाए। रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के मद्देनजर जिले में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कोरबा शहर अंतर्गत राम जानकी मंदिर में संपन्न कराया जायेगा। 22 जनवरी को सुबह 9:00 बजे से झांकी एवं भजन मंडली द्वारा लगातार भजन कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

मंदिर प्रांगण में मंच पर मानस मंडलियों द्वारा रामचरितमानस का गायन किया जाएगा, रात्रि में मंदिर के चारों ओर दीप प्रज्ज्वलन के साथ अन्य गतिविधियां भी कराई जाएगी।जनपद मुख्यालय स्तर पर कोरबा जनपद अंतर्गत राम मंदिर रजगामार में सुबह 10 बजे से करतला विकासखण्ड में छातापाठ मंदिर में 02 बजे से, कटघोरा विकासखण्ड के कन्हैया भाटा मंदिर सलोरा 'ख' में, पाली विकासखण्ड के शिव मंदिर पाली में दोपहर 12 बजे से तथा पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के राम जानकारी मंदिर चकचकवा पहाड़ ग्राम पंचायत रामपुर में प्रातः 11 बजे से रामायण मानस मण्डली द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।



## डीएम ने नगरीय क्षेत्र स्थित कल्चरल भवन व निर्माणाधीन कन्वेंशनल हॉल का किया निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्मित कल्चरल भवन एवं निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों का कार्यात्मक उपयोग में लाने के लिए शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने में जल्द ही उपयोग में लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र के डिंगापुर रोड स्थित कला व संस्कृति भवन (कल्चरल हॉल) का अवलोकन करते हुए परिसर की साफ सफाई, विद्युत, पेयजल की व्यवस्था एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन के कार्यात्मक उपयोग में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस हेतु विभागीय अधिकारियों से भवन आवश्यकता की जानकारी लेकर उन्हें आबंटित करने या अर्बन सोसायटी के माध्यम से भवन को निजी संस्थाओं को किराए पर उपलब्ध कराने की बात कही। इसी प्रकार रिस्दी मार्ग में निर्माणाधीन कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भवन के अधूरे कार्य को तीव्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने कन्वेंशनल हॉल हेतु तैयार आर्किटेक्चर प्लान का अवलोकन के पश्चात् आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल श्री आर. के. दन्देलिया, निगम अपर आयुक्त श्री खंजाची कुमार, सहित अन्य अधिकारी एवं क्रियान्वयन इकाई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भागवत कथा के श्रवण करने एवं अपने जीवन में उतारने से मिलती है पुण्य की प्राप्ति :रजनीश



**कोरबा।** नेहरू नगर भैंसखटाल में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समस्त सार्वजनिक रूप से आयोजित किए गए हैं। कथा व्यास पर पंडित बालकृष्ण पांडेय उमरेली वाले है। कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन के सुपुत्र रजनीश देवांगन ने व्यास पीठ पर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने से निश्चित तौर पर सुख समृद्धि और आत्म संतुष्टि मिलती है साथ ही पुण्य की प्राप्ति होती है। आज संपूर्ण भारतवर्ष में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र की अयोध्या में मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा होने की गूंज ने देश को राममय हो गया है। धर्म संस्कृति की ज्ञान होना अति आवश्यक है। श्रीमद् भागवत कथा में हमें सीख मिलती है कि हमें अपने मानव जीवन में लोगों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। श्री कृष्णा और सुदामा की जीवन गाथा आज भी लोगों में भाव प्रकट करती है। इससे सिद्ध होता है कि हमें भी दया प्रेम भाव अनुशासन परोपकार की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रोता संत समाज उपस्थित थे।

## माध्यमिक शाला सोहागपुर में संकुल स्तरीय अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**कोरबा।** शा.पू.मा.शा.सोहागपुर के प्रांगण में सोहागपुर-खरवानी संकुल के संयुक्त तत्वाधान में संकुल स्तरीय अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन सरपंच श्रीमति फगनी बाई कंवर के मुख्य आतिथ्य, बी.आर. दिनकर (प्र.पा.,मां.शा.सोहागपुर) के अध्यक्षता एवं संजय कुमार चौहान (संकूल समन्वयक संकुल केन्द्र .सोहागपुर)के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षिका श्रीमति संध्या लहरें एवं श्रीमती अनीता पैकरा ने माताओं को बच्चों के बुनियादी शिक्षा के संबंध बता कर उनके शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए न सिर्फ प्रेरित किया वरन् सहायक सामग्री के माध्यम से भी माता और बच्चों को समझाया गया। स्मार्ट माताओं के रूप में क्रमश-मुकुंदपुर से गौरी कंवर,सोहागपुर से मीना विश्वकर्मा,कुरुडीह से रूपा बघेल,पचपेड़ी से पुष्पलता सोनवानी,मौहाडीह से किरण महंत,पूजा रजक का सम्मान समस्त शिक्षिका-- श्रीमति अनिता कंवर,शकुंतला साहू,शकुंतला चंदन,रूकमणी साहू,उर्मिला कंवर,प्रमिला कंवर,विनिता प्रधान और श्रीमता संध्या लहरे मधुलिका दुबे ज्योति कला पात्रे ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आर.एन.प्रधान (व्याख्याता आ.नं.उ.मा.वि.सोहागपुर), फिरत सारथी (डायरेक्टर सेपवस), जोनसिंह , ओम प्रकाश बरेठ ,बसंत मिरी(संकुल समन्वयक संकुल केन्द्र खरवानी)महमूद मेमन (संकुल समन्वयक बीरतराई )संकुल के शिक्षक गण एम. आर. साहू (प्रधान पाठक मा. शा. जमनीपाली ) बी. पी. देवांगन(प्र.पा.मा. शा.मुकुंदपुर),विजय बहादुर सिंह कँवर (प्रधान पाठक प्रा.शा. मकुन्दपुर )श्री अंजोर साय मन्नेवार (प्रधान पाठक) जाहिद मेमन,वेगेंद्र साहू,आर.डी.बिंझवार,कन्हैया पटेल,फूल कुमार यादव,ठाकुर सिंह कंवर,सुनील कुमार थवाईत श्रीराम पैकरा(प्रधान पाठक ) एवं सोहागपुर-खरवानी के समस्त शिक्षक शिक्षिका,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सोहागपुर से यशीरन बानो,सावित्री कंवर,मुकुंदपुर से ईश्वरी कंवर,गौरी बाई,पचपेड़ी से सरीता चंदन ,गांव के माताएं-बहनें एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज प्रधान,संजय चौहान,सह संचालन अरुण सारथी(अति.शिक्षक-कुरुडीह)ने किया।मंच एवं कार्यक्रम व्यवस्था में बबलू कुर्रे,प्रकाश टेंट-सोहागपुर,सफाई कर्मचारी जगराम मिरी,थैलेश चौहान स्कुल सेवक-रंजीत बिंझवार खगेश बिंझवार एवं अन्य ग्रामीण जन का विशेष सहयोग रहा ।

## अखबार वितरक 22 को मनाएंगे दीपोत्सव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ प्रदेश के सभी सदस्य और पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि 500 वर्षों पश्चात अयोध्या में राम जन्म भूमि में रामलाला के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह दीपोत्सव के रूप में मनाने तथा सभी अखबार वितरक अपने-अपने पाठकों को दीपक उत्सव मनाने तथा घरों में दीए जलाकर खुशियां मनाने का निवेदन किया गया है। आज इसी अवसर पर टीपी नगर केंद्र में चंदेला होटल के संचालक पी एस चंदेल के मुख्य अतिथिय में अखबार वितरको ने खुशियां मनाई। प्रदेश अध्यक्ष सिन्हा व कोरबा जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू जय सिह नेताम लक्ष्मी राठौर रामा, , तपेश्वर राठौर राजकुमार पटेल राय



सिंह कंवर, अनिल गिरी कृष्ण कुमार निर्मलकर, , बंटी कश्यप विलसन देव पटेल गोलू देवांगन, , दिलीप यादव, सुनील साहू, दीपक यश नेताम बजरंग ओंकार, राजेश पाल उपस्थित थे

## महापौर प्रसाद ने आदिवासी शक्तिपीठ कोरबा में निर्माणाधीन डोम लिया जायजा



**कोरबा।** महौपार राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत विश्व आदिवासी शक्तिपीठ पहुंचकर निर्माणाधीन डोम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के कार्यकाल में उन्होंने आदिवासी शक्तिपीठ के कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के आवाश्यकता को ध्यान में रखते हुए डोम निर्माण के लिये घोषणा की थी। समाज के लोगों के द्वारा खुले में कार्यक्रम किये जाने से कार्यक्रमों के दौरान उन्हें खुले में आयोजन करने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए उनकी मांग पर माननीय जय सिंह अग्रवाल ने 50.00 लाख रु. की लागत से डोम निर्माण कराने की घोषणा की थी। जिसका विधिवत भूमि पूजन पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में तथा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सभापति एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा समाज के पदाधिकारियों के विशिष्ट आतिथ्य में, भूमिपूजन कराया गया था। जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिसके निर्माण हेतु बाहर से चलता फिरता मोबाइल फैक्ट्री / मशीनरी द्वारा डोम निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिसका आज श्री प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम के अधिकारीगण एवं निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि के साथ कार्य के प्रगति को देखा तथा निर्माणाधीन डोम के साइड में लगने वाले वैली गटर के प्रापर स्लोप दिये जाने हेतु महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। जिससे भविष्य में पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आदिवासी शक्तिपीठ के सदस्यों ने मान. जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर का आभार जताया। आने वाले समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इसका बड़ा लाभ प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान पं. रविशंकर नगर जोन प्रभारी प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, आदिवासी शक्तिपीठ के संगठन प्रमुख रमेश सिरका के साथ निर्माण कंपनी के सदस्यगण उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस ने निकाली हसदेव अरण्य बचाव रैली

**कोरबा।** माहिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम के निर्देश पर शनिवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में हसदेव अरण्य बचाओ रैली निकाली गई।इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि आदिवासी समाज के हित के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को पेड़ों की कटाई पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ी मुहीम चला रही है। नया कोयला खदान के लिए हजारों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तवर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी समुदाय के है। उन्हें आदिवासी विचारधारा, संस्कृति, परंपरा और मान्याताओं की जानकारी है। आदिवासी समुदाय जल, जंगल जमीन के प्रति प्यार, समर्पण से मुख्यमंत्री जी भली-भाती परिचित हैं। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में इस स्थान पर पेड़ कटाई से रोक लगाई गई थी, लेकिन प्रदेश के सत्ता परिवर्तन होते ही यहां पेड़ों की कटाई शुरू हो गई। उन्होंने आगे कहा कि नए खदान खोलना और जंगलो का विनाश सिर्फ एक व्यक्ति के लिए किया जा रहा हैं, जो हसदेव से कोयला निकालकर मुनाफा कमाना चाहता है। इस जंगल में हजारों की संख्या में जीव-जंतु निवासरत हैं। इसका विनास करना प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना होगा।इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, मनीषा अग्रवाल, अनिता महंत, त्रिवेणी राठिया,



सीमा उपाध्याय, छतबाई चौहान, सीमा महंत, पूजा महंत, संतोषी महंत, कांती यादव, धनेश्वरी देवी, दावेन बेक, शालू पनरिया, सुनीता केशरवानी, गायत्री विश्वास, गंगोत्री कश्यप, उमेश कश्यप, शकीबा बेगम, नीदा देवी, सोनम दास, राजेश्वरी कारोम, सरस्वती देवी, संतोषी देवी, हसीना बेगम, ललिता गबेल, गीता देवी, रामबाई, संगीता देवी, सरिता बाई, सुनील निर्मलकर, चित्रलेखा श्रीवास, अशोक कुमार श्रीवास सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्राण-प्रतिष्ठा पर सभी अपने घरों में जलाएं दीप



**जांजगीर-चांपा ।** छग विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने क्षेत्र व अंचल के सभी नागरिकों से व समाज के हर वर्ग के लोगों से आग्रह किया है कि - 22 जनवरी सोमवार को भगवान - मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्म - भूमि अयोध्या में रामलला की मूर्ति - की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह को हम सब लोग अपने-अपने घरों में दीप जलाकर व उत्सव मनाकर इस धार्मिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। यह दिन संपूर्ण समाज के लिए यादगार बनेगा। हम सब वर्षों से राम मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे थे। हम सबका सपना अब साकार होने जा रहा है। चंदेल ने इस ऐतिहासिक छड़ के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं समाज के सभी साधु, संत एवं महंत को धन्यवाद नारायण चंदेल दिया। उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश के सभी नागरिकों से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने तथा अपने-अपने घरों में दीप जलाकर, रंगोली बनाकर एवं गली मोहल्ले व मंदिरों तथा देवालयों में भजन-कीर्तन कर इस दिन को ऐतिहासिक व यादगार बनाने का आग्रह किया है।

## आंगनबाड़ी सहायिका के पदों भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ अंतर्गत 23 पद सहायिका के पदों की पूर्ति हेतु 13 फरवरी 2024 तक आवेदन आंमत्रित किया गया है। आवेदन की विस्तृत जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ की सूचना पटल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़ एंव संबंधित ग्राम पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकेगी।

# भारत के भाग्य का नया सूर्योदय है राम मंदिर का निर्माण

**सक्ती।** 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे भारत वर्ष में उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है वही सक्ती नगर वासियो में उत्साह देखने को मिल रहा है

इसी बीच भाजपा नेता अंकित अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह भारत के भाग्य का नया सूर्योदय है।

भारत देश का नेतृत्व कर रहे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वासियो राम भक्तों के आत्म सम्मान के विजय पताका को पूरे विश्व में लहराने का कार्य किया है ये हमारा सौभाग्य है कि हम अपने जीवन काल में प्रभु श्री राम के जन्म



भूमि आयोध्य में राम लला के दर्शन कर पायेंगे ।

राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्री राम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिर काल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। आगे अंकित अग्रवाल ने कहा कि यहाँ राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएँ, आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा - दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम राम से लेकर जय सिया राम और जय श्री राम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित हैं।

निस्संदेह राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और धार्मिक घटना है जो देश को एकता, सांस्कृतिक समृद्धि, और सच्चे धार्मिक मूल्यों की दिशा में एकाग्र कर रही है। नव-निर्मित मंदिर ने भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक विवादों को सुलझाने का एक अप्रतिम उदाहरण स्थापित किया है जो भविष्य में देशवासियों को परस्पर सद्भाव के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। हमें पूर्ण विश्वास होना चाहिए कि राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए एक नए युग का प्रादुर्भाव करेगा जो देश को सांस्कृतिक एकता, भ्रातृत्व, और समरसता की दिशा में आगे ले जायेगा।

# प्रतिष्ठा दिवस पर मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**जांजगीर चांपा।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर में होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। शिवरीनारायण में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जायजा लिया। इस दौरान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में हर-हर शंभू फेम अभिलिप्सा पांडा एवं सारेगामा फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगी।

कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, रूट व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, कानून व्यवस्था सभा स्थल हेतु बेरीकेडिंग, मंच निर्माण, हेलीपैड निर्माण, पार्किंग स्थल मे आवश्यक व्यवस्था हेतु बांस बल्ली उपलब्ध कराने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मुख्य मंच, बेरीकेटिंग, व्ही.आई.पी. बैठक व्यवस्था, पत्रकार बैठक व्यवस्था, प्रवेश द्वार, ग्रीनरूम, साज-सज्जा, विभिन्न सेक्टर व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच निर्माण, लाईट, एल.ई.डी. स्कीन, टी.वी. सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. पी. वैद्य जिला पंचायत सीईओ आर. के. खुटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, एसडीएम



ज्ञानेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित कार्यक्रम से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रामोत्सव की तैयारियों को लेकर मंदिरों में चला स्वच्छता अभियान -

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के आयोजन की तैयारी को लेकर आज जिले सहित जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत में मंदिरों में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में आमनागरिकों सहित एनजीओ, समाजसेवी संस्थान, अधिकारी, कर्मचारी, एनएसएस, स्काउट गाइड, के स्वयंसेवक के सहयोग से साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसके अलावा 22 जनवरी को जिले सहित जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत में मंदिरों में रामायण मानस गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन हेतु अधिसूचना जारी

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय वायुसेना एवं थलसेना में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन हेतु अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर (वायुसेना) 06 फरवरी 2024 तक एवं अग्निवीर (थलसेना) 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। अग्निवीर (वायु) के लिये आवेदक https ://agnipathvayu.cdac.in एवं थल सेना के लिए www.joinindianarmy.inc.in पर अपना पंजीयन करा सकते है। उपरोक्त दोनों सेवाओं के लिये 31 अक्टूबर 2024 को आयु सीमा 17) से 21 वर्ष निर्धारित है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जॉजगीर चांपा के द्वारा कार्यालय में नि:शुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई दी गई है। इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

# अवैध खनन व परिवहन के मामले में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के उडनदस्ता दल प्रभारी प्रभारी उत्तम प्रसाद खूँटे एवं टीम द्वारा जिला जॉजगीर चॉपा के शिवरीनारायण क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन/भण्डारण करने वाले वाहनो / स्थानो का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र से 01 स्थान पर खनिज रेत के अवैध भण्डारण स्थल से 01 चैन माउण्टेन एवं 01 हाईवा को जप्त कर अवैध भण्डारण का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली





2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# मोबाइल टॉवर पर चढ़ी महिला, 7 घंटे बाद जब भूख लगी तो खुद उतर गई

**जांजगीर-चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र के दारंग गांव में शुक्रवार की शाम एक महिला मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। जिसे देख आसपास के लोग हैरत में पड़ गए। इधर, पुलिस भी महिला को किसी तरह उतारने के लिए टॉवर के नीचे जाल बिछा दी। ताकि महिला को चोटिल न हो। एन केन प्रकारेण सात घंटे बाद महिला खुद से उतर गई। दरअसल, महिला दिमागी रूप से कमजोर थी। खुद ब खुद महिला के टॉवर से उतरने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक महिला परमेश्वरी बाई मंदबुद्धि की है। जो सरगुजा जिले से इधर भटकते हुए दारंग गांव पहुंची थी। महिला के स्वास्थ्य जांच के जिला अस्पताल जांजगीर भेजी गई है।

चांपा पुलिस के मुताबिक 19 जनवरी की सुबह एक महिला दारंग गांव पहुंची और दोपहर 2 में बजे मोबाइल टॉवर में अचानक बेधड़क चढ़ गई। ग्रामीण उसे देखते रह गए। इसके बाद महिला को किसी तरह टॉवर से नीचे उतार लिया। बाद में शाम 5 बजे महिला फिर टॉवर के पास पहुंच गई और टॉवर पर बेधड़क चढ़ गई। फिर टॉवर के सबसे ऊंचाई पर जाकर बैठ गई। मामले की सूचना के बाद चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और जांजगीर से आपदा प्रबंधन के साथ ही बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम भी मौके पहुंच गई। प्रशासन लगातार महिला पर नजर बनाए हुए

समझाइश देती रही। फिर रात को जब तेज प्यास लगी तो पानी की मांग की। उसे पानी भी दिया गया। बाद में वह नीचे उतरी तो उसे तेज भूख लगने के पर भोजन मांगने लगी।

### परेशान रहे पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी

मोबाइल टॉवर में महिला के चढ़ने के बाद एएसपी और चांपा एसडीएम तहसीलदार और टीआई के साथ आपदा प्रबंधन का दल पहुंचा था। बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी। फिर देर लगभग 12.30 बजे टीम के पहुंचने के पहले + महिला खुद से नीचे उतर गई।+ फिलहाल, महिला को जांजगीर के जिला अस्ताल भेजा गया है। इस क्षेत्र में यह महिला कैसे पहुंची इस पर भी पुलिस की जांच पड़ताल अभी जारी है। इस कड़कड़ाती ठंड में पुलिस और प्रशासन की टीम देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद थी इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ी थी।

## तनौद पहुंच मार्ग जर्जर, जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**तनौद ।** देवरी मोड़ से खोरसी, तनौद , भुईगांव 17 किलोमीटर तक पहुंच मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हुई वर्षा से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। गड्ढे को अगर समय रहते भरा नहीं गया तो खोरसी बाजार चौक किसी दिन बड़ा हादसा घटित हो सकता है। इस मार्ग में बने जानलेवा गड्ढे हादसे को हर रोज न्योता दे रहे हैं।

देवरी, तनौद, भुईगांव मार्ग पड़ोसी जिला बालौदा बाजार, रायपुर, बिलासपुर पहुंच मार्ग है। तनौद, भुईगांव में महानदी किनारे लाल ईंट भट्ठा होने से राखड़ और रेत से भरे हाइवा की आवाजाही रहता है। जिसके कारण सड़क बद से बत्तर हो होते जा रहा है।

# शाला अनुदान राशि में बंदरबाट, बिना जीएसटी बिल के सामानों की खरीदी

### एक ही दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामग्री की खरीदी

**सक्ती,जैजैपुर।** नगर के दशहरा मैदान में संचालित शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला में वर्ष 2021-22 और 2022-23 में मिली शाला अनुदान राशि में जमकर बंदर बांट हुआ है। पूरे मामले का खुलासा सूचना के अधिकार से हुआ है। जिसमें प्रधान पाठक के द्वारा शासन से मिलने वाली शाला अनुदान राशि खर्च करने में अनियमितता बरती गई है। इलेक्ट्रिक सामानों के साथ ही पेंट सहित अन्य सामानों की खरीदारी एक ही दुकान से गई है। जिसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि खरीदे गए समानों के किसी भी जीएसटी बिल नहीं है। इससे आरोप लग रहे हैं कि प्रधान पाठक ने फर्जी बिल बनवाकर शाला अनुदान राशि कागजों में खर्च करना दिखाया गया है।

सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के मुताबिक बिना जीएसटी बिल हजारों रुपए के कई बिल एक ही दुकान में लगाकर 50 हजार आठ सौ रुपए का आहरण कर लिया गया है। बहरहाल मामला सामने आने के बाद अब जांच की मांग की जा रही है ताकि गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई हो।

पूरे मामले का खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा चंद्रा के द्वारा दी गई दस्तावेजों के आधार पर हुआ है। कृष्णा चंद्रा की माने तो सभी बिल फर्जी तरीके से बनवाए गए हैं।

बिलों को एक ही दिन एक ही तारीख को दर्शाया गया है। जो पूर्ण रूप से गलत प्रतीत हो रहा है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों से की जाएगी। वहीं सामानों की खरीदी मामले में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का कहना है कि प्रधान पाठक द्वारा खरीदारी की गई सामानों की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। बिना चर्चा किए कुछ नहीं बोल सकते।

# विद्या मंदिर से बच्चों को दिए जा रहे संस्कार: सुंदरदास

**शिवरीनारायण।** ग्राम रेंगाडीह श्री जैतु साव मठ का गांव है इस क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए यहां पर श्री स्वामी लक्ष्मी नारायण दास जी महाराज जी ने विद्या मंदिर की स्थापना की थी जिससे यह क्षेत्र शिक्षा की दृष्टि से आगे बढ़ा यह बातें महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने पलारी क्षेत्र में स्थित ग्राम रेंगाडीह में श्रीमद् भागवत महापुराण में उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वाचार्यों ने यहां पर प्राचीन बाड़े का निर्माण किया था जिसको सर्व सुविधा युक्त जीर्णोद्धार करके मठ ट्रस्ट ने आप सभी के लिए जनहित में लोकार्पित किया है। यहां पर आप लोगों के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है यह देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि-मकर संक्रांति के पश्चात सूर्य नारायण उत्तरायण हुए हैं इस पुनीत बेला में भगवान की कथा का रसपान कर रहे हैं यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य भी बहुत सुंदर सरल शब्दों में हम सभी को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रही हैं। जैतु साव मठ के सचिव दाऊ महेंद्र अग्रवाल ने इस अवसर पर अपना विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि भगवान राम जी सभी के हैं पूरे देश में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव चल रहा है हम सभी इस सुखद अवसर के साक्षी बने हैं। लोगों को अजय तिवारी ने भी संबोधित किया और कहा कि त्रेता युग में भगवान राम ने तथा द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने अवतार लिया हम सभी उनकी उपासना करते हैं। व्यास पीठ पर विराजित सुश्री भगवती द्विवेदी ने कहा कि- तीन चीजें संसार में दुर्लभ है पहला मनुष्य का शरीर, दूसरा आत्म कल्याण की भावना और तीसरा संत महात्माओं का दर्शन आज प्रभु की कृपा से पूज्य महाराज जी के दर्शन करने का सौभाग्य हम सभी को मिला है। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक नागेश साहू, रमेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित ग्राम वाशी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कीर्तन



मंडली के सदस्यों के द्वारा महाराज जी का भजन कीर्तन करते हुए स्वागत किया गया।

# अतिरिक्त कक्षा के निर्माण में गुणवत्ता की हो रही अनदेखी

**जांजगीर चांपा।** स्कूलों में पढने वाले बच्चों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था हो, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष बनाने करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी है मगर यह योजना पामगढ़ ब्लॉक में कमीशनखोरी की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। अतिरिक्त कक्षों के निर्माण में गुणवत्ता से जमकर खिलवाड़ हो रहा है। दो कमरे वाले अतिरिक्त भवन बनाने के लिए सरकार के द्वारा 14.08 लाख रुपए प्रति विद्यालय के हिसाब से दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों में निर्माण एजेंसी आरईएस को बनाया गया है। विभाग के द्वारा ठेकेदारों के जरिए यह काम कराया जा रहा है मगर स्थिति यह है कि दो कमरे के लिए इतनी राशि मिलने के बावजूद भी काम में ठेकेदारों के द्वारा गुणवत्ता और मानकों को दरकिनार कर अतिरिक्त कक्ष बनाए जा रहे हैं। स्थिति यह है कि खिड़की-दरवाजे तकमानक से इतर स्तरहीन लगाए जा रहे हैं। पत्रिका की टीम ने ब्लॉक के कई स्कूलों में बन रहे अतिरिक्त कक्ष का जायजा लिया जिसमें काम मानक के अनुरूप हुआ नजर नहीं आ रहा। इस बात को खुद निर्माण एजेंसी के अधिकारी भी मान रहे हैं क्योंकि निरीक्षण के दौरान उन्हें भी कुछ निर्माणाधीन भवनों में इसी तरह की गड़बड़ी मिली है जिस पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए खिड़की-दरवाजे को बदलने कहा गया था। मगर इसके बाद भी ठेकेदारों के द्वारा सुधार नहीं लाया जा रहा है।

**ठेकेदारों ने काम लेकर पेटी कांट्रेक्टर को दे दिया**

पामगढ़ ब्लॉक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 106 अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति दी गई है। आरईएस के माध्यम से 17 ठेकेदारों के द्वारा ब्लॉक में निर्माण काम किया जा रहा है। लेकिन अधिकतर जगहों पर ठेकेदारों के द्वारा खुद काम करने के बजाए पेटी में काम दे दिया गया है। पेटी में काम कर रहे ठेकेदार जैसे-तैसे काम कर रहे हैं। उन्हें गुणवत्ता से कोई सरोकार नहीं है बस काम पूरा करने की हड़बड़ी मची हुई है। गुणवत्ताहीन कामों के लिए कुछ पेटी ठेकेदारों का यहां तक कहना है कि 30 से 35 प्रतिशत कमीशन कटने के बाद काम और कैसा होगा।

**बिना तराई ही सेंट्रिंग लेबल तक पहुंच गया काम**

ग्राम पंचायत चुरतेला में सरकारी स्कूल परिसर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण चल रहा है। यहां काम सेंट्रिंग लेबल तक पहुंच गया है। स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि भवन खड़ा होने वाला है लेकिन एक दिन भी ढंग से तराई नहीं हुई है। यहां भी काम पेटी ठेकेदार कराते मिला। काम से संबंधित सूचना पटल तक नहीं लगा है। इसी तरह ग्राम पंचायत खपरीटांड में भी अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हो रहा है। यहां मामला उलट है, यहां भवन सामने से तो पूरी तरह से चकाचक है जिसे देखकर यह लग रहा है कि भवन पूरी तरह से तैयार हो चुका है। बस हैंडओवर की देरी है मगर अंदर नजारा ही अलग है।

# साधू की ट्रेन से गिरकर मौत

**जांजगीर चांपा।** कापन रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक साधू की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि साधू राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या जा रहा था। उसके शव को समाज सेवियों ने अपने कब्जे में लेकर उनका अंतिम संस्कार कराने के लिए जिला प्रशासन से मांग की थी, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इसके चलते पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि साधू के पास किसी तरह का परिचय पत्र नहीं था। जिसके चलते पुलिस भी बेबस नजर आई और शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। हालांकि पुलिस ने उसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की बात कही है। ताकि इसकी खबर उनके परिजनों तक पहुंच सके। नैला पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात को कापन के पास एक साधू ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई थी। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लिया। पंचनामा कार्रवाई की गई लेकिन उसके पास किसी तरह का आधार कार्ड व पहचान पत्र नहीं मिला। इस बात की खबर बाबा महाकाल की रसोई के संचालक चंकी तिवारी को लगी तो उन्होंने जिला प्रशासन से अनुमति चाही कि साधू महात्मा का अंतिम संस्कार करने तैयार हैं, यदि प्रशासन की अनुमति हो तो। लेकिन जिला प्रशासन ने इसके लिए अनुमति नहीं दी। इसके चलते उसके शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। नैला चौकी प्रभारी संगम राम ने बताया कि दो दिन तक उसके शव को और सुरक्षित रखा जाएगा। फिर कफन दफन किया जाएगा। इस दौरान उसके परिजन मिल जाए तो अच्छी बात है।

# केरा रोड पर सफर करना कठिन जरा सी चूक से जा सकती है जान

**जांजगीर - चांपा ।** शहर के केरा रोड में आवागमन आसान नहीं रह गया है। एफसीआई गोदाम और वेयर हाऊस के पास सड़क किनारे ट्रकें खड़े रहते हैं जिससे बस स्टैंड और खोखरा मोड़ के पास हादसों का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। जरा सी चूक से जान जा सकती है। यातायात विभाग द्वारा व्यवस्था बनाने कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि एक तरफ सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहाहै वहीं दूसरी तरफ जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क किनारे वाहन खड़ी करने



पर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मगर केरा रोड में खड़ी ट्रकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

केरा रोड में सफर करने वाले राहगीर और वाहन चालक जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। इस रोड में अक्सर हादसे होते रहते हैं। बिजली आफिस से लेकर कालेज मोड़ तक डेंजर जोन बन चुका है। इसका कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव और ट्रकों की बेतरतीब पार्किंग है। बस स्टैंड के पास ही एफसीआई गोदाम है जहां इन दिनों चावल लेकर ट्रक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा आगे राइस मिल और धर्मकांटा है। ऐसे में इस मार्ग पर भारी वाहनों की आमदरफ्त रहती है। एक साथ कई ट्रक गुजरते हैं तो कई सड़क किनारे खड़े रहते हैं।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



**अनमोल वचन**

**संघर्षों की धूप में जो जलते, वह बुझ भी जाएं अगर तो भी रोशनी करते..!**

# भारतीय छात्रों को मुश्किल

कनाडा ने पिछले साल भारतीयों को कम स्टडी वीजा जारी किए। 2022 के मुकाबले पिछले साल की चौथी तिमाही में 86 फीसदी कम छात्र वीजा जारी हुए। 2022 में 1,08,940 वीजा जारी हुए थे, वहीं 2023 की इस अवधि में मात्र 14,910 वीजा जारी हुए। पिछले साल जब कनाडा सरकार को करारा जवाब देने के लिए भारत ने उसके राजनयिकों को देश से निकाला, तभी यह अंदेशा पैदा हो गया था कि इसकी कीमत कनाडा में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों को चुकानी पड़ सकती है। अब इस अंदेशे की पुष्टि हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक विवाद शुरू होने के बाद कनाडा पढ़ने जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। कनाडा ने पिछले साल भारतीयों को कम स्टडी वीजा जारी किए। 2022 के मुकाबले पिछले साल की चौथी तिमाही में 86 फीसदी कम छात्र वीजा जारी हुए। 2022 की चौथी तिमाही में 1,08,940 वीजा जारी किए गए थे, वहीं 2023 में इसी अवधि में मात्र 14,910 वीजा जारी हुए। भारत ने कनाडा के जिन राजनयिकों को अपने यहां से निष्कासित किया था, उनमें वीजा जारी करने वाले अधिकारी भी शामिल थे। कनाडा के इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि निकट भविष्य में हालात में कोई सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि भारत से आने वाली अर्जियों को निपटाने की कनाडा की क्षमता भारत के साथ बिगड़े रिश्तों के कारण आधी हो गई है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक विवाद तब पैदा हुआ, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ हो सकता है। निज्जर कनाडा का नागरिक था। कनाडा सरकार ने अपने दावे के समर्थन में सार्वजनिक तौर पर कोई ठोस सबूत उपलब्ध नहीं कराया है। लेकिन उसका दावा है कि उसके पास ऐसे पुख्ता सबूत हैं। भारत ने कनाडा के आरोप का खंडन किया था। जवाबी कार्रवाई के तौर पर कनाडा के राजनयिकों को निकाला गया था। लेकिन कुछ महीनों बाद वैसा ही आरोप अमेरिका ने भी भारत पर लगा दिया। तब भारत की प्रतिक्रिया अलग किस्म की रही और उस आरोप की भारत में जांच कराई जा रही है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत से कनाडा की जांच में भी सहयोग करने को कहा था। बहरहाल, तब भारत ने जो रुख तय किया, उसका खामियाजा भारतीय छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी कार्य के पूर्ण होने से मानसिक तनाव कम होगा। आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों को पदोन्नति मिलने के योग हैं।

**वृष :** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे। मानसिक रूप से थोड़े परेशान नजर आ रहे हैं तो आप अपने ऊपर नकारात्मक विचारों को हावी मत होने दीजिए।

**मिथुन :** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह आपके कामकाज बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क :** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। आप अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा करने की हर संभव कोशिश करेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**कन्या :** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। घरेलू सुख साधनों में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करने का मौका मिल सकता है। गुप्त शत्रु आपको हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे परंतु यह सफल नहीं हो पाएंगे।

**तुला :** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक :** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है। व्यवहार कुशलता से समस्या का समाधान संभव है।

**धनु :** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काफी लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे हो सकते हैं, जिससे आपका मन हर्षित होगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगा। पिताजी से व्यापार के विषय में बातचीत कर सकते हैं। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**मकर :** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। दोस्तों की मदद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा। आमदनी के अनुसार खर्चा पर कंट्रोल रखने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए। कुछ जरूरी कामों को लेकर आपको अधिक भागदौड़ और मेहनत करनी पड़ सकती है परंतु आखिर में आपको सफलता मिलने के योग हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

# यात्री विमान का या ट्रेन का सबकी औकात मवेशी क्लास!

//अजीत द्विवेदी//

**देश में हाहाकार मचा है। राजधानी दिल्ली से लेकर वित्तीय राजधानी मुंबई तक यात्री विमान 12-12 घंटे की देरी से उड़ रहे हैं। यात्री घंटों हवाईअड्डे पर और विमान के अंदर और यहां तक कि एयरोब्रिज पर अटके रह रहे हैं। हिंदी फिल्मों को एक सफल अभिनेत्री राधिका आप्टे ने ट्विट करके बताया कि वे मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली उड़ान में कई घंटे एयरोब्रिज पर फंसी रहीं। मतलब विमानन कंपनी वालों ने बोर्डिंग करा दी और यात्रियों को अंदर भेज दिया लेकिन एयरोब्रिज के दूसरे सिरे पर जहाज आकर नहीं लगा। सो, यात्री न जहाज में जा सके थे और न वापस हवाईअड्डे पर लौट सके।**

इसी तरह कांग्रेस के एक नेता ने ट्विट करके बताया कि मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली उनकी उड़ान तीन घंटे की देरी से उड़ी और उसके बाद 12 घंटे में गुवाहाटी पहुंची। इस बीच उनके जहाज को बांग्लादेश की राजधानी ढाका डायवर्ट किया गया था, जहां करीब सात घंटे लोग जहाज के अंदर ही बैठे रहे थे। गोवा से दिल्ली जाने वाले एक जहाज को 17 घंटे की देरी के बाद मुंबई भेज दिया गया, जहां भूख से बिलबिला रहे यात्रियों को विमानन कंपनी के लोगों ने रनवे पर बैठा कर खाना खिलाया। इसके लिए कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बाद दिल्ली से गोवा जाने वाले एक विमान के यात्री ने तो 13 घंटे की देरी से नाराज होकर पायलट को थप्पड़ मार दिया। ये सब पिछले एक हफ्ते की खबरें हैं।

कहा जा रहा है कि घने कोहरा की वजह से उड़ान में देरी हो रही है। सवाल है कि क्या इन सबके लिए सिर्फ कोहरा जिम्मेदार है? नहीं! कोहरा सिर्फ एक बहाना है। इसके लिए सिर्फ यह मानसिकता जिम्मेदार है कि भारत के नागरिक भेड़-बकरी होते हैं। उनका कोई अधिकार नहीं होता है। उनकी कोई हैसियत नहीं होती है। शशि थरूर ने इकोनॉमी क्लास में बैठने को वालों कैटल क्लास यानी मवेशी क्लास का नागरिक बताया था लेकिन क्या सिर्फ इकोनॉमी क्लास वाले ही भेड़-बकरी हैं। क्या 12 घंटे या 17 घंटे की देरी बिजनेस क्लास वालों को नहीं भुगतनी पड़ रही है। क्या उनका विमान डायवर्ट नहीं हो रहा है। क्या बिजनेस क्लास वाले हवाईअड्डे पर बैठ कर झक्ख नहीं मार रहे हैं या घंटों एयरोब्रिज पर अटके नहीं रह रहे हैं। सबकी हालत और हैसियत एक जैसी है। एक बार जहाज में बैठने के बाद सबकी स्थिति एक जैसी हो जाती है। सब एयरलाइन कंपनी के रहमोकरम पर होते हैं। वहां किसी को अपना गुस्सा जाहिर करने की इजाजत भी नहीं होती है। वह चुपचाप असहाय होकर बैठा रहे अगर उसने गलती से गुस्सा जाहिर कर दिया तो उसको नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाएगा।

भारत में विमानन मंत्रालय को नागरिक विमानन मंत्रालय कहा जाता है। क्या विडम्बना है कि इसमें नागरिक को छोड़ कर सबका ध्यान रखा जाता है। विमानन कंपनियों के ग्राउंड स्टाफ से लेकर चालक दल तक सबसे काम करने के घंटे तय हैं। उनके अधिकार परिभाषित हैं। अगर किसी कारण से विमानों के उड़ने में देरी हो रही है तब भी चालक दल तय समय से ज्यादा काम नहीं करेगा। बिना उड़ान भरे उसकी ड्यूटी खत्म हो जाएगी और दूसरा चालक दल आगे का काम संभालेगा। लेकिन इस तरह की कोई सुविधा नागरिकों को नहीं है। उन्हें तो बताने तक की जरुरत नहीं समझी जाती है कि उनके विमान की उड़ान में किस वजह से और कितने समय की देरी हो रही है। लोग परिवार के बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के साथ हवाईअड्डे पर, एयरोब्रिज पर या विमान के अंदर विमानन कंपनी के कर्मचारियों को टुकुर-टुकुर देखते रहते हैं और अपने अपने भगवान को याद करते रहते हैं कि जल्दी से जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचे। क्या उनकी मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का कोई मतलब नहीं है। सचमुच सब कुछ भगवान भरोसे है। बिल्कुल यही स्थिति ट्रेनों की है। हालांकि उनकी ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है लेकिन हर दिन दर्जनों ट्रेनें कई कई घंटों की देरी से चल रही हैं। लोग ट्विट करके ट्रेनों के अंदर की गंदगी और खास कर शौचालय की गंदगी की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। वहां भी स्लीपर क्लास में बैठे व्यक्ति की हालत भी वैसी ही जैसी फर्स्ट क्लास में बैठे यात्रियों की है। सब एक जैसे मवेशी क्लास वाले हैं। वैसे भी रेलवे से कमाई बढ़ाने की सोच में सरकार ने स्लीपर क्लास के डब्बे कम कर दिए हैं और एसी क्लास के डब्बे बढ़ा दिए हैं। सो, ट्रेन में एसी क्लास में सफर करने वाले भले अपने को महत्वपूर्ण मानते हों लेकिन हैं वे भी मवेशी क्लास के ही। उनका भी हाल पूछने वाला कोई नहीं है। चाहे जनरल बोगियों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर जाने वाले यात्री हों या एसी फर्स्ट क्लास वाले सबकी हालत एक जैसी है।

सवाल है कि क्या यह इतना मुश्किल है कि हवाईजहाज या रेलवे में यात्रियों को समय से देरी की सूचना दी जा सके या देरी होने पर उनके लिए आराम से ठहरने या खाने की व्यवस्था की जा सके? अब बताया जा रहा है कि सरकार ने नियमों में बदलाव किया है और कहा है कि तीन घंटे से ज्यादा की देरी होने पर विमानन कंपनियां उड़ान को रद्द कर सकेंगी। इसके अलावा विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया है कि छह महानगरों के हवाईअड्डों पर वॉर रूम बनाया जाएगा और दिन भर में तीन बार देरी की सूचना देनी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि 24 घंटे सीआईएसएफ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसमें भी नागरिक कहां हैं? उन्होंने यह तो बताया नहीं कि देरी होने पर यात्रियों को क्या सुविधाएं मिलेंगी। उलटे 24 घंटे सीआईएसएफ तैनात करेंगे ताकि यात्री डर कर रहें और विमानन कंपनी वालों से सवाल नहीं पूछ सकें।

सोचें, यात्रियों को उड़ान से कम से कम एक घंटे पहले हवाईअड्डे पर पहुंचना होता है और तीन घंटे बाद अगर उड़ान रद्द होती है तो उनका क्या होगा। उन्हें फिर कितनी देर में दूसरी उड़ान मिलेगी और उस अवधि में उनके ठहरने, खाने की क्या व्यवस्था होगी। विमान में बैठाने के बाद देरी होने पर क्या होगा। क्या यात्रियों को विमान से उतार कर वापस हवाईअड्डे पर लाने की व्यवस्था होगी? ध्यान रहे विमानों में ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को बैठाने के लिए सीटों के बीच की जगह बहुत कम कर दी गई है और ऊपर से हर सीट के लिए किराए के अलावा एक कीमत तय कर दी गई है। लंबे समय तक ऐसी सीटों पर बैठना लोगों के लिए मुसीबत की तरह है। ऊपर से शौचालय तीन ही होते हैं और ज्यादा देरी होने पर उनकी साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। यही हाल ट्रेनों का है। वहां भी ज्यादा यात्रियों को एडजस्ट करने के लिए सीटों की दूरी घटाई गई है और रियल टाइम में शौचालयों की सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। बरसों से कहा जा रहा है कि कोहरे में ट्रेनें समय से चलती रहें इसके लिए तकनीक आ गई है लेकिन उन तकनीकों के बावजूद ट्रेनें समय से नहीं चल रही हैं। चाहे हवाईजहाज हो ट्रेन सेवा अगर सरकार यात्रियों को नागरिक मान कर उनके अधिकारों का ख्याल रखे तो सब कुछ ठीक हो सकता है। परंतु बड़ा सवाल यह है कि भेड़-बकरियों को सरकार नागरिक क्यों मानेगी।

# चीन में घटती आबादी, बढ़ते बुढ़े!

//श्रुति व्यास//

**एक समय (और यह बहुत पहले की बात नहीं है) चीन दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश था। अब वह एकदम दूसरे किस्म की समस्या की गिरफ्त में हैं। उसकी आबादी में कमी आ रही है। और कमी आने की दर बढ़ती जा रही है। सन 2023 लगातार दूसरा ऐसा साल था जब देश में जन्मदर इतिहास में सबसे कम थी। चीन के नेशनल ब्यूरो ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार, सन 2023 में चीन की कुल आबादी में 27.5 लाख, अर्थात 0.2 प्रतिशत की कमी आई है। अब वहां की आबादी 140.9 करोड़ है। सन 2022 में भी आबादी कम हुई थी। माओ युग के अकालों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद से 2022 वह पहला साल था जब चीन की आबादी घटी।**

चीन में लम्बे तक जनसँख्या नियंत्रण नीतियां लागू रहीं। इनमें वन-चाइल्ड पालिसी भी शामिल थी। उन नीतियों के नतीजे अब सामने आ रहे हैं। आबादी में बुजुर्गों का अनुपात बढ़ता जा रहा है और युवा वर्ग की बच्चे पैदा करने में बिलकुल रूचि नहीं है। पिछले साल चीन में बच्चों के जन्म में तेजी से कमी आई। इसके अलावा, 2023 में 11 लाख लोगों की मौत हुई। नतीजे में अब चीन में बुजुर्गों की जितनी संख्या है उतनी दुनिया के किसी दूसरे देश में नहीं है और यह संख्या बढ़ती जा रही है। और इसी के नतीजे में 2023 में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया, और चीन दूसरे नंबर पर खिसक गया। चीनी अधिकारियों को डर है कि यह स्थिति अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर सकती है। बुजुर्गों की देखभाल और उनके इलाज पर खर्च बढता जायेगा और कामकाजी लोगों, जो टैक्स चुकाकर इस खर्च को पूरा करेंगे, की संख्या घटती जाएगी। इस स्थिति से निपटने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी महिलाओं को अधिक बच्चे पैदा करने के बदले कई लाभ दे रही है। उन्हें सस्ते घर मिलते हैं, टैक्स से छूट मिलती है और नगद प्रोत्साहन भी। कम्युनिस्ट पार्टी ने उनमें देशभक्ति का भाव भरने की कोशिश भी की और उनसे अच्छी पत्नी और अच्छी माँ बनने का आव्हान भी किया। मगर कुछ भी काम न आया। शी जिनपिंग लम्बे समय से कहते आ रहे हैं कि महिलाओं को घर में अपनी पारंपरिक भूमिका की ओर वापस लौटना चाहिए। हाल में उन्होंने सरकारी अधिकारियों से कहा कि वे विवाह और बच्चों के जन्म की संस्कृति को बढ़ावा दें और युवाओं की प्रेम, विवाह, फर्टिलिटी और परिवार के बारे में सोच को बदलें। मगर विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार उस एक कारक की ओर ध्यान नहीं दे रही है जो अभिभावकत्व के बारे में महिलाओं की सोच को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। और वह कारक है गहरे तक जडें जमाए लैंगिक असमानता। महिलाओं और उनकी संपत्ति की हिफाजत के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके साथ बराबरी का व्यवहार हो, कई कानून बनाए गए हैं मगर उनसे कोई ख़ास बदलाव नहीं आया है। नतीजे में महिलाएं न तो शादी करना चाहती हैं और न बच्चे पैदा करना। एक और कारण है बड़े शहरों में जीवनयापन का भारी खर्च।

महिलाओं से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चाओं को सेंसरशिप ने विराम दे दिया है। लैंगिक भेदभाव, हिंसा और उत्पीड़न पर सार्वजानिक विमर्श करने वालों को सरकार की ओर से मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। चीन में फेमिनिस्ट आन्दोलन चुप्पी साधने पर मजबूर है। मगर इस सबके बावजूद आज चीन की महिलाएं उनके अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हैं और लैंगिक समानता की पक्षधर हैं।चीन की घटती और बढ़ाती आबादी सरकार के लिए चिंता का विषय है क्योंकि काम करने वालों की संख्या कम होती जा रही है। और कामकाजी लोग ही अर्थव्यवस्था का ईंधन हैं। यह जनसांख्यिकीय संकट, जिसके इतनी जल्द उभरने की अपेक्षा नहीं था, देश की पहले से ही कमज़ोर और धन की कमी से जूझ रही स्वास्थ्य और पेंशन व्यवस्था पर जबरदस्त दबाव डाल रहा है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार जनसँख्या सम्बन्धी ताजे आंकड़े जारी होने के बाद जनसँख्या विशेषज्ञों ने प्रजनन को प्रोत्साहन देने के लिए कई सुधार प्रस्तावित किये हैं। कुछ इस उम्मीद के सहारे हैं कि 2024 में अधिक संख्या में बच्चे जन्म लेंगे क्योंकि पिछले साल ही देश कोविड महामारी से पूरी तरह मुक्त हुआ था। उन्हें यह उम्मीद भी है कि कि लोग चीन के ड्रैगन के साल, जो फरवरी से शुरू होने जा रहा है, में अपनी संतान को जन्म देने चाहेंगे। मगर वेबू पर जो चर्चा चल रही है उससे तो यही लगता है कि नीतियों में बदलाव और शुभ वर्ष के आगमन से चीनियों का मन बदलने वाला नहीं है। क्या ड्रैगन हांफ रहा है।

# कुख्यात ट्रंप: अमेरिका की पहली पसंद!


//श्रुति व्यास//

हम लाख मखौल उड़ाएं लेकिन अमेरिका की पहली पसंद तो डोनाल्ड ट्रंप हैं। हाल फिलहाल के लिए, कम से कम यह तो मानना ही हैं कि वे अमेरिका के रिपब्लिकनों की पहली पसंद हैं। सोमवार की रात डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का पहला मुकाबला जीता। रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के इच्छुक अन्य नेताओं को उन्होंने बहुत आसानी से हरा दिया। इस पूर्व राष्ट्रपति के उपासक इतने हैं कि कोई और उनके मुकाबले में ठहर ही नहीं पाया। वे डिबेट्स से गायब रहे और रिपब्लिकन समर्थकों के सामने उनके विकल्पों का ढेर था। बावजूद इसके ट्रंप फिर भी पहली पसंद! आयोवा कॉकस में उनकी धमाकेदार जीत से साफ़ है कि वे लोगों को बहुत ज्यादा भा रहे हैं। पिछले आठ सालों से ट्रंप के अपने समर्थकों से जो रिश्ते हैं, उनकी कोई सानी नहीं है। वे अपने समर्थकों को सही बताते हैं, उनका मनोरंजन करते हैं, उनके लिए खड़े होते हैं और अपने राजनैतिक और कानूनी लाभ के लिए उनका इस्तेमाल भी करते हैं। समर्थक इस सबसे खुश हैं, बहुत खुश हैं। और यही कारण है कि चार आपराधिक प्रकरणों में 91 अपराधों का आरोपी होने के बावजूद ट्रंप समर्थकों की पहली पसंद हैं।उन्हे रिपब्लिकन पार्टी में चुनौती देने वाला कोई नजर नहीं आता। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे लम्बी रेस का घोड़ा हैं।

राष्ट्रपति चुनाव के सिलसिले में रिपब्लिकन पार्टी पर ट्रंप जिस तरह छाए हुए हैं, उसे देखकर यह विश्वास ही नहीं होता कि उनके अभियान की शुरूआत में उनकी स्थिति किस कदर कमजोर थी। मिडटर्म (सन 2022) में हुए चुनावों में ट्रंप-समर्थित उम्मीदवारों की हार के बाद कई रिपब्लिकनों को लगने लगा था कि अमेरिका की जनता का ट्रंप से जी भर गया है। अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए मारलागो में ट्रंप ने जो भाषण दिया था उसमें न जोश था और न तीखापन। इससे भी ऐसा लगा कि मानों उनका सूरज अस्ताचल की ओर जा रहा है।

मगर आज 15 महीने बाद, ट्रंप फिर सबसे ऊपर हैं और यदि किसी की रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की सबसे ज्यादा सम्भावना है तो वे ट्रंप ही हैं। उन्हें कुछ नहीं रोक पाया क्ङ आपराधिक-अदालतदी मामले तो बिल्कुल ही नहीं। बल्कि वे अपने समर्थकों को यकीन दिलाने में सफल हैं कि वे गलत हो ही नहीं सकते, वे कभी हार ही नहीं सकते। उनके आकर्षण की चकाचौंध में उनके दोष नज़र ही नहीं आ रहे है। उनके पक्के समर्थक रैलीयों में उनकी जय-जयकार कर रहे हैं और ज़मीनी स्तर पर उनके लिए काम में जुटे हैं।ट्रंप के कानूनी झमेले समर्थकों के लिए अहमियत नहीं रखते। अपने प्रचार में ट्रंप की भाषा और कड़क होती जा रही है। उन्होंने साफ़ कर दिया है कि वे अपनी दूसरी पारी में अपने राजनैतिक विरोधियों को मज़ा चखाएंगे। चुनावों पर हिंसा का खतरा मंडरा रहा है और अधिकारियों व जजों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। फाइवथर्टीएट नामक वेबसाइट, जो चुनाव सर्वेक्षणों का विश्लेषण करती है, के अनुसार अमेरिकी रिपब्लिकनों में से 63 फीसदी ट्रंप के साथ हैं। यहाँ तक कि 2020 में जो बाइडन की स्थिति से ट्रंप की आज की स्थिति बेहतर है।

## तस्वीरों की दुनिया



अयोध्या में राम मंदिर को उसके प्रतिष्ठा समारोह से पहले फूलों से सजाया जा रहा है।



अभिनेता और भाजपा सांसद हेमा मालिनी नागपुर के पास महासंस्कृति महोत्सव में रामायण पर आधारित एक नृत्य नाटिका के दौरान प्रस्तुति देती हुई।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान बीएसएफ डेयरडेविल्स की एक पूर्ण महिला टीम।



बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती लोकसभा चुनाव से पहले लखनऊ में पार्टी कार्यालय में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पार्टी नेताओं को संबोधित करती हुई।



रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास के बाहर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।



कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 की रिहर्सल के दौरान एसएसबी की महिला कर्मियों ने मार्च पास्ट किया।



पीएम नरेंद्र मोदी तिरुचिरापल्ली जिले में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर के दौरे के दौरान।

# राम धुन में मग्न पूरा देश, अयोध्या में सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**अयोध्या, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इसमें देश भर के करने मान्य अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल होंगे। इन सब के बीच अयोध्या में पूरी सुरक्षा की तैयारी कर ली गई है। जगह-जगह सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। वहीं, पूरा देश फिलहाल राममय दिखाई दे रहा है। हर जगह भक्ति रस चरम पर है। भगवान राम को समर्पित गीत बज रहे हैं। कई राज्यों में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। वहीं केंद्रीय कार्यालय में भी आधे दिन की छुट्टी 22 जनवरी को रहेगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कुछ घंटों बाद अयोध्या में प्रभु राम की नवनिर्मित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 500 साल का इंतजार समाप्त होगा। मैं देशवासियों से निवेदन करता हूं कि सभी लोग 22 जनवरी को दीया जलाएं... आज देश राममय हो गया है। सभी लोग 22 तारीख को दीपावली मनाएं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर लता मंगेशकर चौक पर भक्तों की भीड़ देखने को मिली। रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राम कथा पार्क में भगवान राम की रेत से एक कलाकृति बनाई। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय को रोशनी से सजाया गया। अयोध्या के SSP राजकरन नैय्यर ने बताया कि 20 जनवरी की रात्रि 8 बजे से जनपथ अयोध्या के बॉर्डर से आकस्मिक वाहन और यहां के स्थानीय निवासियों के वाहनों के अतिरिक्त केवल हमारे आमंत्रित अतिथिगण या जिन्हें मीडिया पास उपलब्ध करवाया जाएगा उनके वाहनों को ही अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा। आमंत्रित अतिथिगण अपना निमंत्रण दिखाकर आसानी से अंदर आ सकते हैं। इसके अलावा जो अन्य वाहन हैं उन सबसे अनुरोध है कि पूर्व में हमारे द्वारा जो डायवर्ज़न स्कीम जारी की गई है कृपया उसके अनुसार ही चलें। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले हनुमानगढ़ी मंदिर को रोशनी से सजाया गया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या का राम मंदिर रोशनी से जगमगा उठा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशन प्रसाद मौर्य ने कहा, मैं भगवान के धाम अयोध्या, जो सप्तपुरियों में से एक है, उसे प्रणाम करता हूं... पूज्य साधू-संत पधारने वाले हैं, देश के कई महान लोग भी अयोध्या आने वाले हैं।

मैं सबका उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से और एक राम भक्त के रूप में स्वागत करता हूं...। अयोध्या में सरयू घाट पर आरती की गई। एडीजी, लखनऊ जोन, पीयूष मोर्डिया कहते हैं, ड्रोन का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जा रहा है। इसके जरिए हम लोगों को संबोधित भी कर सकते हैं। पहली बार अयोध्या पुलिस इसका इस्तेमाल कर रही है और इसे गरुड़ नाम दिया गया है...। भक्तों में से एक चैतन्य स्वामी कहते हैं, मैं अमेरिका के न्यूयॉर्क से आया हूं। मैं यहां आया हूं क्योंकि भगवान राम का मंदिर बन रहा है। अयोध्या एक खूबसूरत जगह है...।

## लोकसभा चुनाव में बेहतर नतीजे लाने की बसपा कार्यकर्ताओं पर बड़ी जिम्मेदारी है: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव अपने बलबूते लड़ने संबंधी पार्टी के रूख को दोहराते हुए शनिवार को कहा कि ऐसी स्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं पर बेहतर परिणाम लाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। बसपा प्रमुख ने इस संबंध में अपनी पार्टी की उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड इकाई के वरिष्ठ नेताओं और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि बसपा के रुख को दोहराते हुए, मायावती ने कहा कि ऐसी स्थिति में पार्टी के लोगों पर बेहतर परिणाम लाने की बड़ी जिम्मेदारी है और इसलिए कार्यकर्ताओं को मीडिया द्वारा फैलाई गई सभी प्रकार की अफवाहों से निपटना होगा। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं से संगठित होकर काम करने और विपक्षी दलों के साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकंडों से दूर रहने को कहा। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने बसपा का जनाधार बढ़ाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए छोटी-छोटी बैठकें आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देशों को पूरी लगन और निष्ठा से पूरा करने पर जोर दिया। मायावती ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए धर्म का राजनीतिकरण उचित नहीं है क्योंकि इससे देश और जनहित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश के 81 करोड़ से अधिक लोग दुखी हैं और महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से त्रस्त हैं और वे जीवित रहने के लिए सरकारी खाद्यान्न पर निर्भर हैं।

## अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देशभर से 14 दंपतियां 'यजमान' बनेंगे

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आये 14 दंपति 'यजमान' (मेजबान) के दायित्व का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक अनुष्ठान 16 जनवरी को प्रारंभ हुआ और शनिवार को इसका पांचवा दिन था। उन्होंने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हिंदू धर्म के अंतर्गत एक मंदिर की पूजा में व्यापक अनुष्ठान होते हैं। कई 'अधिवास' होते हैं। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा पूजा में 14 दंपति हिस्सा लेंगे। ये सभी भारत के उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वोत्तर से हैं। ये मुख्य यजमान होंगे।'' 'यजमानों' की सूची में उदयपुर से रामचंद्र खरादी, असम से राम कुई जेमी, जयपुर से गुरुचरण सिंह गिल, हरदोई से कृष्ण मोहन, मुल्तानी से रमेश जैन, तमिलनाडु से आदलरासन और महाराष्ट्र से विठ्ठल कामनले शामिल हैं। इसी तरह, महाराष्ट्र के लातूर में घुमंतू समाज ट्रस्ट से महादेव राव, कर्नाटक से लिंगराज बासवराज, लखनऊ से दिलीप वाल्मिकी, डोम राजा के परिवार से अनिल चौधरी, काशी से कैलाश यादव, हरियाणा के पलवल से अरुण चौधरी और काशी से कवींद्र प्रताप सिंह भी इस सूची में शामिल हैं। अंबेकर ने कहा, ''ये लोग इस समारोह में अपनी पत्नी के साथ शामिल होंगे।

इनका व्यापक 'सहभाग' होगा और धार्मिक ग्रंथों में जैसा उल्लेख है उसी प्रकार से समग्र पूजा की जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''इस देश के हर हिस्से से लोग भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण चाहते थे। कई लोगों ने इसके लिए संघर्ष किया। देश के हर कोने से लोग विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहे और इसके लिए अभियान चलाया। इसलिए हर कोई इस मंदिर से जुड़ना चाहता है क्योंकि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। यह भारत का उत्सव है और हिंदू समाज के लिए एकता का उत्सव है।

## उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ प्रशासन से महापौर चुनाव के लिए नयी तारीख तय करने पर विचार करने को कहा

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर चुनाव छह फरवरी तक स्थगित करने के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शनिवार को चंडीगढ़ प्रशासन से महापौर चुनाव के लिए नयी तारीख तय करने पर विचार करने को कहा। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बंगर की खंडपीठ ने केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम और पुलिस को 23 जनवरी को जवाब देने के लिए नोटिस भी जारी किया। अदालत आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने केंद्र शासित प्रशासन के महापौर चुनाव को छह फरवरी तक स्थगित करने के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकीलों में शामिल अधिवक्ता फेरी सोफत ने बताया कि सुनवाई के दौरान अदालत ने चंडीगढ़ प्रशासन से चुनाव के पुनर्निर्धारण पर विचार करने को कहा।

सोफत ने बताया कि अदालत ने मौखिक रूप से चंडीगढ़ प्रशासन को 23 जनवरी से 26 जनवरी के बीच महापौर चुनाव कराने के लिए अगली तारीख बताने को कहा। वकील ने बताया कि जब चंडीगढ़ प्रशासन के वकील ने चुनाव टालने के लिए कानून और व्यवस्था के मुद्दे का उल्लेख किया, तो अदालत ने सुझाव दिया कि यदि चंडीगढ़ पुलिस महापौर चुनाव के लिए कानून और व्यवस्था नहीं संभाल सकती तो एक केंद्रीय एजेंसी को इसमें शामिल किया जा सकता है।

## ईडी ने धन शोधन मामले में कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री सोरेन से पूछताछ शुरू की

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां उनके आधिकारिक आवास पर शनिवार दोपहर पूछताछ शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती के कारण पूरा इलाका किले में तब्दील हो गया है। सोरेन (48) झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह इससे पहले, ईडी द्वारा सात बार समन जारी किये जाने पर पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी द्वारा आठवीं बार उन्हें समन जारी किये जाने पर आखिरकार उन्होंने अपनी सहमति दे दी। अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी दोपहर करीब एक बजे सोरेन के आवास पर पहुंचे।

## सिनेमाघरों में होगा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण, ऑनलाइन टिकट बुकिंग हुई शुरू

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या का 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर देश भर में जोरों से तैयारी चल रही है। ऐसे में अब खबर आ रही है कि राम मंदिर के इस खास कार्यक्रम का अयोध्या से सीधा लाइव प्रसारण सिनेमाघरों में भी किया जाएगा। जो लोग अयोध्या जाने में असमर्थ हैं, वो सिनेमाघरों में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्क्रीनिंग देख सकते हैं। रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सिनेमाघरों में लाइव प्रासरण की खबर ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है।

ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप बुक माय शो ने इस विशेष कार्यक्रम के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है, इस दौरान सिनेमाघरों में राम मंदिर उद्घाटन की लाइव स्क्रीनिंग दिखाई जाएगी। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे बड़े शहरों में इसके लिए थिएटर में एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। पीवीआर और आइनॉक्स जैसे मल्टीप्लेस जैसे अन्य सिनेमाघरों में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए टिकट प्राइस की शुरुआत 100 रुपये से रखी गई है। दोहपर 11 बजे से इस लाइव स्क्रीनिंग का शुरू किया जाएगा, जबकि चेन्नई और कोलकाता में अभी इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में अगर आप दिल्ली-एनसीआर और मुंबई से हैं तो आप इसके लिए बुकिंग कर सकते हैं। राजधानी दिल्ली में अनुपम साकेत, सिलेक्ट सिटी वॉक और पैसेफिक सुभाष नगर जैसे कई पीवीआर में इसको देखा जा सकता है। इस तरह से 75 शहरों के 160 सिनेमाघरों में ये स्क्रीनिंग की जाएगी।

# उचित महत्व नहीं मिला तो टीएमसी बंगाल में सभी लोकसभा सीट पर लड़ने के लिये तैयार: ममता

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**




सीटों के बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के भीतर चल रहे घमासान के बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर उचित महत्व नहीं दिया गया, तो उनकी पार्टी राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने पार्टी की मुर्शिदाबाद जिला इकाई की बंद दरवाजे में हुई संगठनात्मक बैठक के दौरान अपना रुख व्यक्त किया। मुर्शिदाबाद एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी वाला क्षेत्र है और पारंपरिक रूप से कांग्रेस के गढ़ के रूप में देखा जाता है। बैठक के दौरान उन्होंने जिले की तीनों लोकसभा सीटों पर टीएमसी की जीत की जरूरत पर जोर देते हुए पार्टी नेताओं से चुनावी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। कांग्रेस 2019 के चुनावों में केवल बहरामपुर सीट को बरकरार रखने में कामयाब रही, जहां से उसके पांच बार के सांसद और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी खड़े थे।

टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न जाहिर करने का अनुरोध करते हुए कहा, हमारी पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि टीएमसी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है, लेकिन बंगाल में अगर हमें बाहर कर आरएसपी, भाकपा, माकपा को ज्यादा महत्व दिया गया, तो हम अपना रास्ता खुद बनाएंगे और सभी 42 सीटों पर लड़ने और जीतने की तैयारी करनी चाहिए। माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा, कांग्रेस और टीएमसी सामूहिक रूप से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं।पश्चिम बंगाल में हालांकि माकपा और कांग्रेस ने टीएमसी और भाजपा के खिलाफ गठबंधन किया है। एक अन्य टीएमसी नेता ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, पार्टी प्रमुख ने कहा कि हमें तीनों लोकसभा सीटें जीतने के लिए तैयारी करने की जरूरत है। जब हमारे एक विधायक हुमायूं कबीर ने बताया कि अधीर चौधरी अल्पसंख्यक बहुल जिले में एक कारक हैं, तो बनर्जी ने इस दावे को ज्यादा महत्व देने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर टीएमसी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेगी, तो उसे सफलता मिलेगी। पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर 'इंडिया' के भीतर दरारें स्पष्ट हो गई हैं, खासकर प्रमुख सहयोगियों, कांग्रेस और टीएमसी के बीच। कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के आधार पर टीएमसी की दो सीटों की पेशकश को कांग्रेस ने अपर्याप्त माना, जिससे दोनों पार्टियों के बीच तनाव बढ़ गया। बनर्जी की टिप्पणी टीएमसी के मुखर आलोचक चौधरी के बयान के ठीक बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस से सीटों की भीख नहीं मांगेगी। राज्य में 2019 के चुनावों में, टीएमसी ने 22 सीटें हासिल कीं, कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं और भाजपा ने 18 सीटें हासिल कीं। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चौधरी ने मालदा दक्षिण सीट से लगातार तीसरी जीत हासिल की थी।

# अदालत ने भाजपा नेता की हत्या के मामले में पीएफआई से जुड़े 15 लोगों को दोषी ठहराया

**केरल, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



केरल की एक अदालत ने तटीय जिले अलप्पुझा में दिसंबर 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)मोर्चा के एक नेता की हत्या के मामले में शनिवार को 15 लोगों को दोषी करार दिया। दोषी ठहराये गए लोगों का संबंध प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक समूह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) से है। भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन को पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 19 दिसंबर 2021 को उनके घर में उनके परिवार के सामने बुरी तरह पीटा था और उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश वी जी श्रीदेवी ने फैसला दिया। सजा पर फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा। विशेष अभियोजक प्रताप जी पडिक्कल के अनुसार, अदालत ने पाया कि 15 आरोपियों में से एक से आठ तक सीधे तौर पर मामले में संलिप्त थे।अदालत ने चार आरोपियों (अभियुक्त संख्या नौ से 12) को भी हत्या का दोषी पाया क्योंकि वे अपराध में सीधे तौर पर शामिल लोगों के साथ थे और घातक हथियारों से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे।

विशेष अभियोजक के मुताबिक, आरोपियों का उद्देश्य श्रीनिवासन को भागने से रोकना और उनके चीखने की आवाज सुनकर घर में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को रोकना था। पडिक्कल ने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष की उस दलील को भी स्वीकार कर लिया कि सभी आरोपी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 149 (गैरकानूनी सभा का प्रत्येक सदस्य सामान्य उद्देश्य के लिए किए गए अपराध का दोषी है) के तहत हत्या के सामान्य अपराध के लिए भी उत्तरदायी हैं। पडिक्कल के मुताबिक, अदालत ने इस अपराध की साजिश रचने वाले तीन अन्य लोगों (अभियुक्त संख्या 13 से 15) को भी हत्या का दोषी करार दिया। पडिक्कल ने बताया कि अदालत ने मामले के सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में भिवंडी की अदालत ने सुनवाई स्थगित की

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। वायनाड लोकसभा सीट से सांसद ने यह कहते हुए सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था कि वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में व्यस्त हैं। उनके वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भिवंडी अदालत के मजिस्ट्रेट एल. सी. वाडिकर ने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया और सुनवाई स्थगित कर दी। राहुल गांधी की अर्जी में कहा गया है।



तिरुचिरापल्ली में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते लोग।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चेन्नई में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की शुरुआत की

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने, खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और भारत को वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बनाने का प्रयास कर रही है।



प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की शुरुआत की और दावा किया कि पिछली संप्रग सरकार के दौरान खेल से संबंधित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों को देखते हुए गत 10 वर्षों में उनकी सरकार ने खेलों में ''खेल'' को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि कई लोग आश्चर्यचकित थे कि 2014 के बाद से भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने तोक्यो और पैरालिंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जबकि एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में इतिहास रचा। मोदी ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में, सरकार ने सुधार किए, खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया और पूरा खेल परिदृश्य बदल गया।'' उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभा और जुनून में कभी कोई कमी नहीं रही, बल्कि पिछले 10 वर्षों में उन्हें नया आत्मविश्वास मिला है तथा हर कदम पर सरकार का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई खिलाड़ी खेलों में ''कमाल'' कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि तमिलनाडु की धरती से आप सभी को और अधिक प्रेरणा मिलेगी... आज हम आपके खेलों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं, हम खेलों को आप तक ले जा रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि 'खेलो इंडिया' जैसी पहल गरीब, आदिवासी और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों के युवाओं के सपनों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भारत में 2029 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयास कर रही है। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे एक साथ मिलकर ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की सच्ची भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों के मद्देनजर 2024 की शुरुआत के लिए 'यूथ गेम्स' सर्वश्रेष्ठ तरीका है।

खेलों की शुरुआत के लिए पारंपरिक मशाल प्रज्वलित कर मोदी ने कहा कि अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारतीय खेल उद्योग का आकार लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु का आतिथ्य सत्कार आपका दिल जीत लेगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'खेलो इंडिया गेम्स' निश्चित रूप से खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शन चैनल 'डीडी पोधिगई' के नये अवतार 'डीडी तमिल' की शुरुआत की।

# कर्नाटक में 22 जनवरी को सरकारी अवकाश घोषित करने पर अबतक कोई निर्णय नहीं: सिद्धरमैया

**कर्नाटक, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को राज्य में सरकारी अवकाश घोषित करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बाईस जनवरी को सरकारी छुट्टी घोषित करने की भाजपा की मांग पर सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने अबतक कोई ऐसा अनुरोध पत्र नहीं देखा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''अबतक तो नहीं। हम देखेंगे। मैंने ऐसा कोई पत्र अबतक नहीं देखा है। हम देखेंगे।'' पत्रकारों ने उन्हें (सिद्धरमैया को)बताया कि कर्नाटक विधानपरिषद में विपक्ष के नेता कोटा श्रीनिवास पुजारी ने उन्हें इस संबंध में एक पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने भी ऐसी ही मांग रखी है। सिद्धरमैया ने कहा, '' अबतक तो नहीं। हम देखेंगे। मैंने अबतक पत्र नहीं देखा है। देखते हैं।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अयोध्या जायेंगे, तो उन्होंने कहा, ''जब मैंने पहले ही कह दिया है कि मैं किसी और दिन वहां जाऊंगा, तो आप यह प्रश्न क्यों दोहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि वह अयोध्या जायेंगे, लेकिन 22 जनवरी को नहीं। उन्होंने भाजपा पर चुनावी फायदे के लिए राममंदिर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया था। इस बीच, बेंगलुरु में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में विजयेंद्र ने कहा कि कर्नाटक से भगवान राम के संबंध के मद्देनजर राज्य सरकार को 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि किष्किंधा क्षेत्र विजयनगर जिले के हंपी में है। रामायण के मुताबिक, किष्किंधा क्षेत्र में वानरों का राज्य था। पड़ोसी कोप्पल जिले में अंजनाद्रि पहाड़ी भगवान राम के परम भक्त हनुमान का जन्मस्थान था। शिकारीपुरा के विधायक विजयेंद्र ने कहा ,''प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा न केवल भारत, बल्कि पुरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि कई देश इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं।

## प्रशांत किशोर का संगठन 2025 बिहार विधानसभा चुनावों में 75 ईबीसी उम्मीदवारों का समर्थन करेगा



**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर ने शनिवार को कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उनके संगठन 'जन सुराज' के समर्थन से अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) श्रेणी के कम से कम 75 लोगों को मैदान में उतारा जाएगा। किशोर ने अगले सप्ताह समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती से पहले यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित किया। उन्होंने 'जन सुराज' को राजनीतिक पार्टी में बदलने की घोषणा नहीं की लेकिन कहा, ''आप बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार 2025 में ईबीसी श्रेणी के कम से कम 75 लोगों को एक ही मंच से चुनाव लड़ते हुए देखेंगे।'' उन्होंने कहा कि 'जन सुराज' उन्हें चुनाव लड़ने के लिए तैयार करेगा।

# सावधान! आपका ब्रेन खा सकता है पत्तागोभी का कीड़ा, पनप सकती हैं दिमागी बीमारियां

क्या आप भी पत्तागोभी खाना पसंद करते हैं. अगर हां तो सावधान हो जाइए, क्योंकि इसमें पाए जाने वाले कीड़े दिमाग को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. पत्तागोभी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. इसकी सब्जी, सलाद और कई चीजें बनाई जाती हैं. लेकिन इसके कई साइड इफेक्ट्स भी हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है पत्तागोभी में पाया जाने वाला छोटा कीड़ा ब्रेन को नुकसान पहुंचा सकता है. इससे मिर्गी जैसी बीमारी का भी खतरा हो सकता है. इसलिए अगर पत्तागोभी खा रहे हैं तो सावधान हो जाइए.



**पत्तागोभी खाने से पहले बरतें सावधानी**

पत्तागोभी खाने से पहले थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए. इसमें कीड़े भी हो सकते हैं, जो शरीर में चले जाएं तो मिर्गी जैसी खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकते हैं.

**पत्तागोभी में कीड़े कहां से आते हैं**

प्लानेटनेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पत्तागोभी के कीड़े (पियरिस रैपे) तितलियों के जरिए इसमें पहुंचते हैं. एशिया, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में हुए अध्ययनों में पाया गया है कि सफेद तितलियां इन पत्तों के नीचे अंडे देती हैं. इन्हीं से कीड़ों का खतरा हो सकता है. पत्तागोभी के में कई तरह के कीड़े होते हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका में पियरिस रैपे, कैबेज लूपर और डायमंडबैक मोथ सबसे ज्यादा देने के मिलते हैं.

**क्या पत्तागोभी पकाने पर भी कीड़े जिंदा रहते हैं**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि बंदगोभी पकाने के बावजूद इसका कीड़ा नहीं मरता है. इसे मारने के लिए पत्तागोभी को गुनगुने पानी में डालकर थोड़ा नमक डाल दें. इसके बाद उसे करीब 30 मिनट तक छोड़ दें. बाद में उस पानी को फेंककर सब्जियों को रगड़कर कम से कम दो बार धोकर खाने में इस्तेमाल करें. यह कीड़ों से बचा सकता है.

**क्या पत्तागोभी नहीं खाना चाहिए**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि पत्तागोभी खाना बंद नहीं करना चाहिए लेकिन उसके इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह साफ जरूर कर लेना चाहिए. पत्तागोभी के अलावा जमीन के नीचे उगने वाली कोई भी सब्जी खाने से पहले अच्छी तरह साफ करनी चाहिए. क्योंकि गंदे पानी में रहने या संपर्क में आने की वजह से इनमें कीड़े आ सकते हैं, जो कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं.

## अजय देवगन के काम की बड़ी प्रशंसक हैं अभिनेत्री वाणी कपूर



रेड 2 में अजय देवगन के साथ अभिनय करने को लेकर अभिनेत्री वाणी कपूर बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि वह उनके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं।

वाणी ने कहा- कलाकारों के पास हमेशा उन लोगों की एक बकेट लिस्ट होती है जिनके साथ वह कोई रचनात्मक सहयोग करना चाहते है। मैं हमेशा से अजय देवगन के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। वह कैमरे पर प्रकृति की अद्भुत शक्ति हैं और मेरे पास उनकी बहुत सी फिल्में हैं जो मुझे पसंद हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए अजय सर के साथ स्क्रीन शेयर करना सम्मान की बात है, जिन्हें हमारे देश के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक माना जाता है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि सेट पर उनके साथ काम करने से एक कलाकार के रूप में मेरे अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रेड सबसे मनोरंजक प्रासंगिक फिल्मों में से एक है और इसमें अजय सर का जबरदस्त अभिनय था।

उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में अपना उत्साह नहीं रोक पा रहा हूं कि मैं उनकी विशाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा हूं जो निश्चित रूप से दुनिया भर के लोगों का फिर से मनोरंजन करेगी।

यह फिल्म 6 जनवरी को मुंबई में फ्लोर पर आ गई है और इसमें निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ आए हैं।

फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है।

रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की गई है । यह पैनोरमा स्टूडियो की प्रोडक्शन है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## यूट्यूबर भुवन बाम ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में 11 करोड़ रुपये का बंगला खरीदा



दिल्ली के लोकप्रिय सोशल मीडिया डिजिटल कंटेंट क्रिएटर और यूट्यूबर भुवन बाम ने राष्ट्रीय राजधानी के पॉश ग्रेटर कैलाश इलाके में 11 करोड़ रुपये में एक बंगला खरीदा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों का दावा है कि उन्हें खरीद-संबंधी दस्तावेज़ की एक प्रति मिल गई है।

सूत्रों के मुताबिक, मशहूर यूट्यूबर ने अपने साउथ दिल्ली वाले घर के लिए करीब 77 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है।

सूत्रों ने कहा कि बाम के नए घर का भूमि क्षेत्र लगभग 1,937 वर्ग फुट है और बंगले का कुल क्षेत्रफल 2,233 वर्ग फुट है, जो पॉश संपत्ति के दस्तावेजों द्वारा समर्थित है।

बाम यूट्यूब पर बीबी की वाइन्स नामक अपने कॉमेडी चैनल के लिए जाने जाते हैं।

सूत्रों ने बताया कि 7 अगस्त, 2023 को दिल्ली में इस संपत्ति की रजिस्ट्री हुई थी।

सोशल मीडिया पर बाम के दर्शक उन्हें एक हास्य अभिनेता, लेखक, गायक और गीतकार के रूप में पसंद पहचानते हैं।

## एनिमल की तूफान में भी सैम बहादुर का जलवा बरकरार

विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर दर्शकों का दिल जीतने में सफल रही है. मेघना गुलजार की इस फिल्म को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है. वहीं सैम बहादुर के साथ रिलीज हुई एनिमल की धुआंधार कमाई को देख यही लग रहा था कि विक्की की मूवी रणबीर कपूर की फिल्म के सामने टिक नहीं पाएगी. लेकिन अब ये गलत साबित होता हुआ नजर आ रहा है. एनिमल की सुनामी के बीच सैम बहादुर डट कर खड़ी है. जी हां, मेघना गुलजार की इस फिल्म को ऑडियंस मिल रहे हैं. तो चलिए जानते हैं सैम बहादुर ने रिलीज के नौवें दिन कितने करोड़ रुपये की कमाई की है...सैम बहादुर के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 6.25 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसी के साथ विक्की कौशल की फिल्म ने शुरुआती 8 दिनों में 42.30 रुपये का कारोबार किया. वहीं अब रिलीज के नौवें दिन की कमाई के आंकड़ें सामने आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक सैम बहादुर ने रिलीज के नौवें दिन पर 6.75 करोड़ रुपये की कमाई की है।

## अनन्या पांडे ने लगाया ग्लैमरस अदाओं का तड़का, ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में बरपाया कहर



अनन्या पांडे हर दिन लगातार किसी न किसी कारण खबरों में बनी हुई हैं. उन्हें कई बड़ी फिल्मों के लिए कास्ट किया जा रहा है, इसके अलावा एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ और ग्लैमरस अंदाज की वजह से भी हर दिन लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं. ऐसे में अनन्या के चाहने वालों की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है. फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. इस बार फिर से अनन्या अपने नए लुक के कारण चर्चा में आ गई हैं.

कुछ देर पहले ही अनन्या पांडे ने अपने ग्लैमरस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. उन्होंने इस फोटोशूट के दौरान ब्लैक ऑफ शोल्डर मिनी ड्रेस कैरी की है.

अनन्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और शाइनी स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इस लुक के साथ उन्होंने हेयरस्टाइल के लिए बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा है.

अनन्या हमेशा की तरह इस लुक में भी स्टनिंग दिख रही हैं. फैंस की नजरें उनकी अदाओं पर टिकी रह गई हैं. बता दें कि इस लुक में एक्ट्रेस बीती रात अपनी फिल्म खो गए हम कहां की सक्सेस पार्टी में शरीक होने के लिए पहुंची थीं. यहां फिल्म के मेकर्स जोया अख्तर सहित पूरी स्टार कास्ट भी मौजूद थी. बता दें कि हाल ही में उनकी यह फिल्म रिलीज की गई है.

दूसरी ओर अनन्या के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. जल्द ही अनन्या को कंट्रोल टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है. इसके बाद वह वेब सीरीज कॉल मी बे में भी नजर आ सकती हैं. वैसे, अनन्या के चाहने वाले तो उन्हें हर अंदाज में पर्दे पर देखने के लिए बेताब रहते हैं.

## भूमि पेडनेकर की भक्षक का टीजर जारी



भूमि पेडनेकर एक बार फिर नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश होने के लिए बिल्कुल तैयार है. इस बार वह अपनी अगली क्राइम ड्रामा फिल्म भक्षक के साथ सच्ची घटना लेकर आ गई हैं. डायरेक्टर पुलकित के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर लंबे समय से काफी चर्चा बनी हुई है. अब आखिरकार दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाते हुए मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें भूम एक खोजी पत्रकार के रूप में नजर आ रही हैं. इसमें वह महिलाओं के साथ हो रहे एक जघन्य अपराध को पूरी दुनिया के सामने उजागर लाती है.

नेटफ्लिक्स ने भक्षक की रिलीज डेट का ऐलान करते हुए एक दमदार टीजर रिलीज कर दिया है. इसमें भूमि वैशाली सिंह नाम की पत्रकार के किरदार में नजर आ रही हैं. टीजर की शुरुआत होती है मुनव्वरपुर की उस खबर से जहां एक चाइल्ड सेंटर होम की बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है. वैशाली तक जब यह बात पहुंचती है तो वह उन छोटी-छोटी बच्चियों को इंसाफ दिलाने की लड़ाई में जुट जाती है. इस दौरान उसे किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, यही सब इस फिल्म में देखने को मिलेगा.

रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी भक्षक को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा. फिल्म का प्रीमियर 9 फरवरी से होने जा रहा है.

नेटफ्लिक्स ने टीजर को जारी करते हुए इसके साथ कैप्शन में लिखा, एक ऐसी पत्रकार की कहानी, जो सच्चाई को उजागर करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित भक्षक नेटफ्लिक्स पर आ रही है.

गौरतलब है कि फिल्म में भूमि पेडनेकर के अलावा संज मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर जैसे सितारों को भी अहम किरदारों में देखा जा रहा है. टीजर में तो सभी कलाकार अपने-अपने किरदारों को बखूबी निभाते दिख रहे हैं, लेकिन फिल्म कैसा कमाल दिखा पाएगी इसका खुलासा तो वक्त के साथ ही हो पाएगा.

## करीना कपूर : मुझे सोशल मीडिया से मान्यता की बिल्कुल भी जरूरत नहीं



करीना कपूर खान दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने 2020 में सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू किया जो उन्हें पसंद है, और जिसके माध्यम से वह अपने प्रशंसकों से जुड़ती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इससे मान्यता की चाहत नहीं रखती हैं।

वर्तमान में इंस्टाग्राम पर करीना के 1.14 करोड़ प्रशंसक हैं और वह अक्सर अपने दैनिक जीवन की झलकियाँ और अपने काम के बारे में अपडेट साझा करती रहती हैं।

यह पूछे जाने पर कि सोशल मीडिया मान्यता उनके लिए कितना महत्व रखती है, करीना ने आईएएनएस को बताया, मुझे सोशल मीडिया का उपयोग करने में मजा आता है, लेकिन मेरे लिए, यह मेरे प्रशंसकों से जुड़ने और उन्हें मेरे जीवन में एक झलक देने का एक माध्यम है। मैं सोशल मीडिया से बिल्कुल भी मान्यता नहीं चाहती, लेकिन मुझे खुशी है कि मुझे अपने प्रशंसकों से बहुत प्यार मिलता है।

अशोका, कभी खुशी कभी गम..., चमेली, देव, ओमकारा, जब वी मेट, 3 इडियट्स, उड़ता पंजाब और बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों में प्रभावशाली अभिनय करने वाली अभिनेत्री के लिए स्क्रीन पर शक्तिशाली किरदार निभाना और दर्शकों का उसे पसंद करना काफी है।

उन्होंने कहा, एक कलाकार के रूप में मैं शक्तिशाली किरदार निभा रही हूं, और यह मेरे लिए पर्याप्त मान्यता है। इसलिए, जबकि मैं इंस्टाग्राम पर प्यार की सराहना करती हूं, मेरी सच्ची मान्यता मेरे द्वारा निभाई गई भूमिकाओं, मेरे द्वारा बताई गई कहानियों और मनोरंजन की दुनिया में एक कलाकार के रूप में मैं जो विरासत बना रही हूं, उससे मिलती है।

हालाँकि, 2000 में रिफ्यूजी से शुरू हुई हिंदी सिनेमा की उनकी यात्रा में अच्छे और बुरे दिन भी आए।

आत्म संदेह के बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, मैं केवल इंसान हूं। मेरे ऐसे दिन भी आ सकते हैं जो इतने अच्छे न हों लेकिन मैं खुद पर विश्वास करना नहीं छोड़ती। इंडस्ट्री में मुझे दो दशक से अधिक समय हो गया है और मुझे यकीन है कि और भी बहुत कुछ होगा। मैं जानती हूं कि मैं कुछ नया करते रहना चाहती हूं और अब समय आ गया है कि लगातार कुछ अलग करने का प्रयास किया जाए।

इसके बाद करीना ने सुपरस्टार होने के सबसे कठिन हिस्से का खुलासा किया।

उन्होंने छूटते ही उत्तर दिया- गोपनीयता का अभाव।

अभिनेता सैफ अली खान से शादी करने वाली 43 वर्षीय अभिनेत्री इस बात से सहमत हैं कि इस पेशे के लिए एक कीमत चुकानी पड़ती है।

अभिनेत्री ने कहा, हर पेशा की अपनी कीमत चुकानी होती है, यह केवल इस पर निर्भर करता है कि आप कितना छोड़ने को तैयार हैं और आप अपने जीवन को कैसे प्राथमिकता देते हैं।

अभिनय के मोर्चे पर, करीना, जिन्होंने हिंदी ऑडिबल पॉडकास्ट श्रृंखला की तीसरी किस्त मार्वल वेस्टलैंडर्स- ब्लैक विडो में ब्लैक विडो के लिए अपनी आवाज दी है, अगली बार द क्रू और सिंघम अगेन में दिखाई देंगी।



## भाई विक्की के साथ एक्शन फिल्म में हाथ आजमाना चाहते हैं अभिनेता सनी कौशल

अभिनेता सनी कौशल ने खुलासा किया है कि वह अपने भाई विक्की कौशल के साथ किस तरह की फिल्म में काम करना चाहेंगे। हाल ही में एक इवेंट में सनी कौशल ने बात की और कहा कि अगर वे एक साथ काम करते हैं तो वह विक्की के लिए सिर्फ एक भाई से ज्यादा बनना चाहेंगे। सनी ने कहा, अगर हम फिल्म में भाइयों का किरदार नहीं बल्कि कुछ अलग किरदार निभा रहे हैं तो यह दिलचस्प होगा। एक्शन करने में मजा आएगा। पिताजी एक एक्शन निर्देशक हैं, इसलिए हम इसे एक्सप्लोर करना चाहते हैं और हमें लगता है कि हम ऐसा करने में सक्षम होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी फिर आई हसीन दिलरुबा, लेटर्स टू मिस्टर खन्ना और शिद्दत 2 में नजर आएंगे।

## सूर्या ने पूरी की कंगुवा की शूटिंग, फिल्म से नई तस्वीरें की शेयर



विक्रम के आखिरी दृश्य में रोलेक्स भाई की भूमिका निभाकर सबका दिल जीतने वाले तमिल सुपरस्टार सूर्या ने आगामी फिल्म कांगुवा में अपनी शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने एक्स पर फिल्म से एक नई तस्वीर शेयर करते हुए अपने प्रशंसकों के साथ अपडेट शेयर किया। सूर्या की शेयर तस्वीर में उन्हें एक योद्धा के चरित्र में दिखाया गया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, फिल्म कांगुवा के लिए किया गया मेरा आखिरी शॉट, पूरी यूनिट सकारात्मकता से भरी हुई है, यह एक का समापन और कई की शुरुआत है, सभी यादों के लिए प्रिय डायरेक्टर शिवा और टीम को धन्यवाद। कांगुवा में दिशा पटानी और बॉबी देओल भी हैं। स्टूडियो ग्रीन के.ई. द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म 3डी फॉर्मेट सहित 10 भाषाओं में रिलीज होगी।

## शब्द सामर्थ्य -304

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## हरचौका में कुछ समय रूके थे श्रीराम

**बलरामपुर।** दक्षिण कोसल छत्तीसगढ़ में सरगुजा अंचल के अनेक जगह पर प्राचीन मूर्त धरोहरों एवं अमूर्त स्वरूप में रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख है।श्रीराम के वनवास काल का छत्तीसगढ में पहला पड़ाव उत्तर छत्तीसगढ़ सरगुजा संभाग के वर्तमान मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सीतामढ़ी हरचौका को माना जाता है। सरगुजा संभाग के 40 स्थलों में श्रीराम के चरण पड़े हैं। जहां-जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े उनमें बलरामपुर जिले के तीन, जशपुर के चार, सरगुजा के नौ, सूरजपुर के 14, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नौ और कोरिया जिले के एक स्थल शामिल हैं। सरगुजा अंचल के प्राचीन मूर्त धरोहरों में श्रीराम से संबंधित जो स्थल देखने को मिलते हैं,उनमें मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का घाघरा, सीतामढ़ी हरचौका, सिद्ध बाबा का आश्रम, रामगढ़, अमृतधारा, कोटाडोल, सीतामढ़ी छतौड़ा अश्रम, देवसील, जटाशंकरी गुफा, देवगढ़ और कोरिया जिले का सीतामढ़ी (गांगी रानी) प्रमुख प्राचीन स्थल हैं। सूरजपुर जिले का कुदरगढ़,जोगीमाड़ा (गुफा चपदा ग्राम), लक्ष्मण पंजा, सीता लेखनी पहाड़, रक्स गंडा, सारासोर, श्रीराम लक्ष्मण पंजा, मरहट्टा, साल्हो और बेसाही पहाड़, पोड़ी, श्यामनगर-सकलपुर का श्री राम का चरण चिन्ह, शिवपुर का सीता पांव, बिलद्वार गुफा और सरगुजा जिले का अंबिकापुर (विश्रामपुर), यमदग्नि ऋषि की तपोभूमि देवगढ़ और सतमहला, महेशपुर, रामगढ़, लक्ष्मणगढ़, मिरगा डाड,चंदन मिट्टी गुफा, नान दमाली एवं बड़े दमाली के समीप बंदरकोट, अंजनी टीला, मैनपाट शरभंजा, देउरपुर (महारानीपुर), सीतापुर में मंगरेलगढ़ एवं जसपुर जिले के पत्थगांव तहसील का किलकिला आश्रम,बगीचा का शिव मंदिर, बलरामपुर जिले का सीता चौक, दुप्पी ,सीता चुंआ, तातापानी और रामचौरा पहाड़ आदि स्थल हैं।

# दिल्ली व पठानकोट ने जीता मैच

### स्वर्ण कप प्रतियोगिता में बढ़ता जा रहा रोमांच

**चरचा कालरी।** महाजन स्टेडियम के विशाल प्रांगण में आयोजित कोरिया जिले की सर्वाधिक प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता 48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आठवें दिन बेहद रोमांचक दो शानदार मैच खेले गए पूर्व परंपरा की भांति राष्ट्रगान के पश्चात पहला मैच फुटबॉल क्लब दिल्ली और मथुआ मिलन बीती क्लब कोलकाता के बीच खेला गया।

मैच प्रारंभ होते ही दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया पहले हाफ के खेल के दौरान दिल्ली की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 9 अनुज ने गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी इस गोल के बाद कोलकाता की टीम ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने का प्रयास किया किंतु वे सफल नहीं हो सके हाफ टाइम के पश्चात दिल्ली के खिलाड़ी जर्सी नंबर 18 वीर ने शानदार गोल कर अपनी टीम के विजय अभियान को 2-0 पर पहुंचा दिया और खेल समाप्ति होने तक



यही स्थिति बनी रही इस मैच में दिल्ली की टीम 2-0 से विजई रही इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिल्ली के टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 18 वीर को उपस्थित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं श्रम संघ प्रतिनिधियों डॉ अशोक विराजी सचिव फुटबॉल प्रतियोगिता ,अशोक निर्मलकर ,रियाज अहमद, धर्मवीर सिंह, ज्ञानेंद्र पांडे ,राजू मंडल, लाल बहादुर सिंह ,गोपाल सिंह, महेश यादव , हेमसागर यादव सत्येंद्र तिवारी आदि के द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच एच टी एफ सी. पठानकोट व एल आई पी ग्वालियर मध्य प्रदेश के टीमों के बीच खेला गया खेल के दौरान दोनों ही टीमों के द्वारा कई शानदार मूवमेंट बनाए गए खेल के पहले हाफ में पठानकोट की टीम ने एक गोल कर दिया।

इसके पश्चात मध्यांतर के बाद पठानकोट की टीम ने लगातार दूसरा गोल कर 2-0 की बढ़त ले ली खेल समाप्ति के 5 मिनट पहले ग्वालियर के टीम ने एक गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया किंतु समय कम रहने की वजह से वे और अधिक स्कोर नहीं कर सके अंत में पठानकोट की टीम 2-1 से मैच जीत गई इस इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पठानकोट की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 12 आबिद को अतिथियों के द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु रियाज अहमद ,अब्दुल्ला रोशन, प्रदीप, विजय विश्वकर्मा ,मुनाफ अहमद, सीताराम ,मोहम्मद ताहिर आदि विशेष रूप से सक्रिय थे।

प्रतियोगिता में आयोजित फुटबॉल मैच के तहत इतवार के दिन दोपहर 3 बजे से दिल्ली व बेंगलुरु की टीम के बीच मैच खेला जाएगा।

## समाचारों को लेकर सूचना एवं प्रसारण विभाग ने जारी की दिशा निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2024 को निजी सैटेलाइट टेलीविजन चैनल, डिजिटल मीडिया पर समाचार और समसामयिक मामलों की सामग्री के प्रकाशक, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों एवं अन्य न्यूज़ माध्यमो हेतु परामर्शी निर्देश जारी किया गया है। जिसमे ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित/प्रसारित करने से बचने की सलाह जो झूठी या हेरफेर की जा सकती है या सांप्रदायिक सद्भाव या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की क्षमता रखती है के संबंध में लेख है। ताकि मीडिया पर लागू मानदंडों और विनियमों का पालन बनाए रखा जा सके, विशेष रूप से सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों में, सूचना की तथ्यात्मक सटीकता सुनिश्चित की जा सके।

# श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति कि हुई बैठक

**कोरिया बैकुंठपुर।** गत शनिवार को कोरिया जिला अंतर्गत सभी थानो एवं रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं तहसीलदार अमृता सिंह की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सलाह परामर्श लिया गया। शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि कोरिया जिला के में इसे बेहद शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। सभी लोगो के सहयोग से शांति भी बरकरार रखा जाएगा। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्याम मधुकर ने उक्त पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। गौरतलब है कि अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह की लहर है। शहर-बाजार, चौक-चौराहों पर राम मंदिर के झंडे बिक रहे हैं, लोग अपने-अपने तरीके से राम



मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के पवित्र अवसर की तैयारी में लगे हैं। मंदिरों की सफाई हो रही है. छोटे-बड़े शहरों और कस्बों में भी लोग उत्सव में नजर आ रहे है। कई जगहों पर इस मौके पर धार्मिक जुलूस निकालने की तैयारी भी की जा रही है। दरअसल अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जिले में होने वाले कार्यक्रमों में कानून व्यवस्था को लेकर कोरिया पुलिस एवं प्रशासन द्वारा इस शांति समिति की बैठक का आयोजन किया एवं आमजनों से अपने आयोजनों को शान्तिपूर्वक ढंग से करने के अपील किया गया है।

# 11 हजार दीप किए जायेंगे प्रज्जवलित

**कोरिया बैकुंठपुर।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बैकुंठपुर शहर में भी सुबह से देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,शहर के सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है,इस दिन बाईक रैली के साथ शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया है,शहर में धार्मिक वातावरण का माहौल देखा जा रहा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए देवराहा बाबा सेवा समिति एवम सनातन धर्म प्रेमि कोरिया समीति ने बतलाया कि 22 जनवरी सोमवार को देश भर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं,इसी कड़ी में बैकुंठपुर शहर को भी भगवामय किया गया है,प्रमुख मार्गो के विद्युत पोल एवं चौक चौराहों में विशेष सजावट किया गया है। आयोजको ने बतलाया कि रविवार से ही प्रेमाबाग परिसर में संगीतमय मानस पाठ एवं भजन का कार्यक्रम शुरू होगा। 22 जनवरी सोमवार को प्रात: 10 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो कि प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर पुन: मंदिर परिसर में समाप्त होगी।

शोभायात्रा पश्चात मंदिर परिसर में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। शाम को 11 हजार दीप प्रज्वलन किए जाएंगे एवं महाआरती रात्रि 8 बजे से भजन संध्या बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एवम भंडारा का अयोजन किया जाएगा। आयोजको द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है,साथ ही मंदिर परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। समिति के प्रमुख शैलेष शिवहरे ने समस्त धर्मप्रेमियों से



आयोजन में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया है,शोभायात्रा नियत समय पर प्रारंभ होगी इसके लिए बाईक चालको को भी समय पर आने का आह्वान किया गया है।

# 5 सौ वर्षों बाद सनातनियों का हो रहा भाग्योदय,विराजेंगे श्रीराम : राजवाड़े

### अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर दीवाली जैसा मनाएं उत्सव - कृष्ण बिहारी जायसवाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** जैसा की पूरा विश्व इस मंगल घड़ी का बड़ी श्रद्धा से प्रतीक्षा कर रहा है। कह सकते हैं की सनातनियों के परम पूज्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है जिस पर समूचे भारत देश के संत और राजनेता सहित कई देशों के राष्ट्रध्यक्ष बतौर दर्शनार्थी इस शुभ बेला के साक्षी बनेंगे जो ऐतिहासिक पल भी होगा ।

ऐसे में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को लाइव उद्बोधन किया जाएगा । जिस सुअवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान और कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में कोरिया भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी बूथ,मंडलों,के मंदिरों, पूजा स्थलों सहित प्रमुख्य स्थलों पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी साथ ही सभी भाजपाई पूरे शहर,ग्राम मोहल्लों में दीप प्रज्वलित कर श्री राम चंद्र के प्राण प्रतिष्ठा का दिवाली उत्सव मांगेंगे। और सभी प्रमुख जगहों पर एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन सहित अन्य गतिविधियों को दिखाएंगे । जिस संबंध में भापजा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने सभी जिले वासियों से अपील करते हुए आग्रह किया है की सभी जिले वासी अपने घरों में भगवा ध्वज लगाएं और इस शुभ दिन की खुशियां घर घर में दीपक जलाकर दिवाली मनाएं और आपकी हमारी धार्मिक आस्था,संस्कृति,राष्ट्रीय गौरव सहित एकजुटता की भावना को बल दें । अयोध्या श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वर्तमान बैकुंठपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने







जिले वासियों को आस्था का संदेश देते हुए आग्रह किया है की 5 सौ वर्षों के बाद इस भारत भूमि और सनातनियों का भाग्योदय होने जा रहा है। 22 जनवरी 2024 की ये मंगल घड़ी हम समस्त सनातनियों के लिए कलयुग में त्रेतायुग की अनुभूति जैसा है । जिस शुभ बेला में श्री रामलला विराज रहे हैं। उन्होंने कहा जिस तरह हम सनातनियों के लिए राम से बड़ा कोई नहीं है। इसलिए हर सनातनी के लिए परमपूज्य और परम पिता परमेश्वर प्रभु श्री राम का पुन: शिला रूप में जागृत साक्षात आशीर्वाद के मिलने की शुरुआत हो रही है जिससे हम धन्य हो गए हैं । 5 सौ वर्षों की गुजरी पीढ़ी के बाद आज आपकी हमारी मौजूदगी में इस राष्ट्रीय गौरव की गाथा लिखी जा रही है। जिस बावत विधायक राजवाड़े ने देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान विष्णु के दसवे अवतार में से सातवें अवतार माने जाते हैं। पृथ्वी पर भगवान श्री राम का जन्म मानव कल्याण के लिए हुआ था। उनके मानव रूपी जीवन का प्रमुख उद्देश्य रावण जैसे अत्याचारी राक्षस का अंत करके पृथ्वी पर धर्म और शांति की स्थापना करना था। भगवान श्री राम करुणा त्याग और समर्पण के प्रतिमूर्ति माने जाते हैं। जब भगवान श्री राम को अयोध्या का राजा घोषित करने की घोषणा राजा दशरथ के द्वारा की गई थी तब विडंबना बस उन्हें 14 सालों का वनवास जाना पड़ा । वनवास पूर्ण होने के बाद जब वह अयोध्या वापस आए तो उन्हें अयोध्या का राजा बनाया गया । तब का रामराज्य आज फिर से स्थापित होने जा रहा है । जिस पर सभी देशवासी 22 जनवरी 2024 को धार्मिक आयोजन,पूजा पाठ कर पूरा माहौल भक्तिमय करके अपनी अटूट आस्था का स्मरण करते हुए घर घर दीप प्रज्जवलित करके दीपावली का उत्सव मनाएं ताकि देश का एक सनातनी सनातन धर्म संस्कृति का अनुसरण और देश का कण कण रामराज्य का अनुभव कर सके।



# पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने ली अपराध समीक्षा बैठक

**बैकुंठपुर कोरिया।** गत 20 जनवरी को रक्षित केंद्र के कांफ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा समस्त पुलिस प्रभारी एवं अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक कोरिया ने जिले में चल रहे समर्थ अभियान के तहत अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओ के विरुद्ध करवाई करने, लंबित अपराध, विवेचना, चालान, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मर्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने का निर्देश दिया एवं इस विषय पर विस्तृत चर्चा की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायत के सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति थाना से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहाद्रपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि साइबर से सम्बंधित अपराध को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश की थाना मे लगातार बुलाकर चेकिंग करते रहें। पैदल मार्च, कॉम्बिग गस्त और शाम को प्रभारी स्वयं क्षेत्र मे निकले। पुलिस अधीक्षक ने कहां शिकायतकर्ता की थाना में उचित सुनवाई हो जिससे कि उन्हें वरिष्ठ कार्यालय आकर शिकायत करने की आवश्यक न पड़े। पुलिस अधीक्षक ने थानो का सिलसलेवार निरिक्षण किया, सभी थाना/चौकी के विवेचकों से उनके पास लंबित अपराध, मर्ग, चालान एवं शिकायतों के बारे मे जानकारी ली एवं यथाशीघ्र लंबित प्रकरणों के तुरंत निराकरण करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून में हुए बदलाओ को लेकर कई तथ्यों से अवगत कराया गया एवं सभी को उक्त नये कानून को अध्ययन करने हेतु निर्देशित कर पुस्तकों का वितरण किया गया। इसे पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओ के प्रभारियों से उनके कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मीटिंग के पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों के समयावधि पूर्ण हो चुके अभिलेखो के नस्टिकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। उक्त समीक्षा बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्याम लाल मधुकर समेत समस्त थाना/ चौकी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहें।

# राम के प्रति अगाध आस्था, केरल से अयोध्या यात्रा पर निकले सुकुमारन



**उदयपुर।** केरल के कोझीकोड से अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने 22 सौ किलोमीटर की बाइक यात्रा पर निकले 65 वर्षीय सेवानिवृत वायु सेवा के अधिकारी ने रामगढ़ पहुंचकर भगवान राम का दर्शन कर आगे की यात्रा शुरू की।

राम के प्रति अगाध आस्था और समर्पण के भाव को मन में लिए भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत अधिकारी सुकुमारन सीके केरल के कोझीकोड से अपने एक साथी के साथ 14 जनवरी को अयोध्या रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने निकले है। छह दिन की यात्रा करते हुए वे 19 जनवरी को उदयपुर रामगढ़ पहुंचे थे। उनकी यात्रा 21 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर संपन्न होगी। रामगढ़ में सुकुमारन सीके ने श्री राम के वनवास काल के दौरान यहां निवास करने और कल्चुरी कालीन प्राचीन मूर्तियों को देखा और राम जानकी मंदिर पहुंचे। इसके बाद आगे की यात्रा के लिए रवाना हुए। चर्चा के दौरान सुकुमारन सीके ने बताया कि भगवान हनुमान की प्रेरणा से दो लाख 27 हजार 440 बार श्री राम जय राम जय जय राम का जाप उन्होंने 108 दिनों में लिखा है। इन समस्त लिखित जाप को 14 किताबों का स्वरूप प्रदान किया है। इन समस्त किताबों को लेकर ही एक यज्ञ समझकर इनकी यात्रा जारी है। अयोध्या पहुंच कर 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में अपने इष्ट के चरणों में समर्पित करेंगे। उनकी यह यात्रा केरल के कोझीकोड प्रारंभ होकर कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर प्रदेश के बनारस, प्रयागराज के रास्ते अयोध्या में संपन्न होगी।

## गन्ना बाड़ी में ग्रामीण की मिली लाश ठंड से मौत की आशंका

**सूरजपुर।** शनिवार सुबह कोतवाली थाना इलाके के नरेशपुर गांव स्थित गन्ना बाड़ी में एक ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान ग्राम चेन्द्रा निवासी रोशनलाल पिता बालगोविंद देवांगन 54 वर्ष के रूप में की गई। प्रथम दृष्टया ठंड लगने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। बताया गया कि मृतक रोशनलाल बीते 14 जनवरी को जंगल तरफ लकड़ी काटने गया था। उसी दौरान पेड़ से गिर जाने की वजह से वह घायल हो गया रहा। सिर और पैर में चोट लगने के कारण उसे स्वजनो ने उसी दिन जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। सिर में चोट की वजह से उसकी दिमागी स्थिति सही नही थी। वह 15 जनवरी को दोपहर में बिना किसी को बताए अस्पताल से चला गया था। उसका शव शनिवार को नरेशपुर गांव स्थित बिघुन राम की गन्ना बाड़ी में मिला। पुलिसिया जांच में माना जा रहा है कि ठंड की वजह से मौत हुई होगी। फिलहाल कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## रेत लोड ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौत

**सीतापुर।** रेत भरकर जा रही ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिरे युवक की चक्के से दबकर मौत हो गई।युवक शादीशुदा था और मजदूरी करके अपना और परिवार का गुजर बसर करता था।इस घटना के बाद से युवक के घरवाले सदमे में है।पुलिस ने इस मामले में घटनकारी ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर लिया है। जानकारी अनुसार शुक्रवार रात लगभग आठ बजे रेत से भरी ट्रैक्टर जुनापारा मंगारी जा रही थी। ट्रैक्टर अमित खाखा चला रहा था और उसके बाजू में सोनू खाखा एवं राजेंद्र एक्का बैठे हुए थे।चालक ट्रैक्टर को काफी तेज गति से चला रहा था।जिसकी वजह से राजेंद्र एक्का का संतुलन बिगड़ा और वह बनेयाटिकरा मंगारी पुलिया के पास उछलकर सड़क पर जा गिरा।नीचे गिरते ही युवक का सिर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया।जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक शादीशुदा था और मजदूरी करके अपना घर चलाता था।इस घटना के बाद मृत युवक के परिजन काफी सदमे में है।इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक अमित के विरुद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## साइबर ठगी के आरोपित से 2.29 लाख रुपये बरामद

**अंबिकापुर।** फर्जी लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड से ठगी करने के आरोपित पुरनानगर थाना मुफसील जिला गिरिडीह वर्तमान निवास शास्त्रीनगर पचम्बा थाना गिरिडीह झारखण्ड निवासी विक्की ठाकुर (25) से पुलिस ने ठगी की दो लाख 29 हजार रुपये बरामद कर ली है। आरोपित ने फर्जी लिंक भेजकर साइबर ठगी की थी। जानकारी के अनुसार बतौली के ग्राम चिरगा निवासी शिवप्रसाद सिंह (40) के पास घटना दिनांक 28 दिसंबर 2023 को फोन कर एक व्यक्ति ने लिंक भेजा था। लिंक को टच करने पर शिवप्रसाद का मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर बाद क्रेडिट कार्ड से लगभग दो लाख 39 हजार रुपये की निकासी होने का संदेश प्राप्त हुआ। जालसाज द्वारा फर्जी लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड से ठगी कर अलग - अलग ट्रांजेक्शन कर लगभग दो लाख 39 हजार रूपये की ठगी की गई थी।

## अंतरराज्यीय साइबर ठगी का आरोपित पकड़ाया

**अंबिकापुर।** क्रेडिट कार्ड का शुल्क बकाया होने का झांसा देकर जालसाज ने अंबिकापुर के मिशन अस्पताल के पास केदारपुर निवासी रितेश गुप्ता से एक लाख से अधिक की साइबर ठगी कर ली। साइबर सेल की मदद से सरगुजा पुलिस ने जालसाज ऊपर तीनघारा थाना मोहनपुर जिला देवघर निवासी मुन्ना कुमार सिंह (20) को खोज निकाला। आरोपित ने 50 हजार नकद और घटना में प्रयुक्त मोबाइल पुलिस के पास जमा कर दिया है। पुलिस ने प्रविधानों के तहत आरोपित को नोटिस जारी कर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पुलिस के अनुसार अंबिकापुर के रितेश कुमार गुप्ता के पास घटना दिवस 23 दिसंबर 23 को फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताया था। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड का पेनाल्टी ड्यू होने की बात कहकर मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रोसेस कराकर अलग- अलग ट्रांजेक्शन में कुल एक लाख 380 रूपये की ठगी किया था। पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा ने आरोपीत की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। विवेचना के दौरान आरोपित के सम्बन्ध में साइबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर संयुक्त पुलिस टीम को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु देवघर झारखण्ड रवाना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपित को पकड़ पूछताछ किया गया। आरोपित मुन्ना कुमार सिंह के कब्जे से ठगी की 50 हजार रुपये नकद एवं घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाइल बरामद किया गया हैं। आरोपित के विरुद्ध धारा 41 (ए) सीआरपीसी के निहित प्रविधानों के अनुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही हैं। कार्रवाई में उप निरीक्षक अर्जुन यादव, उप निरीक्षक अभिषेक दुबे,प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक सुयश पैकरा, अशोक यादव शामिल रहे।

# कल प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीराम को समर्पित होगा पूरा दिन

स्थानीय संवाददाता

**कोरबा।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा जल्द पूर्ण हो रही है। इसके लिए हिन्दू समाज लंबे समय से प्रण-प्राण से जुटा हुआ था। यह अवसर नजदीक होने के साथ अन्य क्षेत्रों की तरह कोरबा नगर और जिले में अपूर्व उत्साह, उमंग बना हुआ है। 22 जनवरी को सुबह से रात्रि तक हर कहीं होने वाले आयोजन लोगों को श्रीराम से जोड़ेंगे। रात्रि को दीपोत्सव और आतिशबाजी से लोग इस बात को एहसास करायेंगे की एक और दीपावली पौष द्वादशी को भी है।

देश के अलावा अनेक देशों तक श्रीराम के नये मंदिर में विराजित होने की खुशी छाई हुए है। पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ इस दिन हिंदू समुदाय अनेक कार्यक्रम अपने स्तर पर करेगा। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र समारोह समिति के आव्हान पर कोरबा जिले में भी आयोजन होने है। इसके लिए सभी मंदिरों में सजावट की गई है। सामाजिक संगठन भी अपने स्तर पर इस दिन को खास बनाने में लगे हुए है। मंदिरों के साथ-साथ गली मोहल्ले से लेकर चौराहों और खास जगहों पर विशेष साज-सज्जा की गई है। मंदिरों में आज से अखण्ड संकीर्तन प्रारंभ हो गया। इससे पहले ही शोभायात्रा, प्रभात फेरी, रैली जैसे कार्यक्रम करने के साथ जागरण की कोशिश की गई। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने इस बात संकेत दिया है कि प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के



दिन पूरा वातावरण कुल मिलाकर राममय होने वाला है। जिलें में मंदिरों को रोशनी से अदभूत रूप दिया गया है। त्यौहारों के बाद यह नया अवसर है जब देवालय नये रूप में नजर आ रहे है। मंदिर प्रबंधन समितियां काफी समय इस अवसर को लेकर तैयारी में जुटी थी। उन्हें इस बात की खुशी है कि समाज खुद होकर इस बार के आयोजन में लगा हुआ है और इस मौके को यादगार बनाने की कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहता।

### प्राचीन मंदिरों में चमक -धमक

कोरबा नगर में भगवान श्रीराम के प्राचीन रामजानकी मंदिर सीतामणी में प्रतिष्ठा दिवस को लेकर खास तैयारी की गई है। चूंकि मंदिर का संबंध रामायण काल से जोड़कर देखा जा रहा है, इस नाते बीते कुछ दिनों से इस मंदिर के प्रति लोगों की रूचि में बढ़ोत्तरी हुई है। समिति ने बताया कि प्रतिष्ठा समारोह के दिन यहां सभी विग्रह का श्रृगांर किया जायेगा और अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। राममंदिर बालकोनगर और कटघोरा के हनुमान गढ़ी में भी खास तैयारी की गई है।

### लाईव प्रसारण की व्यवस्था

कोरबा नगर के पुराना बस स्टेण्ड, सीतामणी, टीपी नगर, घण्टाघर, कोसाबाड़ी उपनगरीय क्षेत्र बालकोनगर, कुसमुण्डा, दीपका, बांकीमोंगरा, कटघोरा और अन्य स्थानों पर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लाईव प्रसारण की व्यवस्था पूर्वान्ह 11.30 से दोपहर 1 बजे तक की गई है। एलईडी प्रोजेक्टर पर इसकी व्यवस्था होगी। इसके अलावा जन सामान्य अपने स्तर पर भी प्रसारण देख सकेगा।

### जगह-जगह भण्डारे का प्रबंध

श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर कोरबा में अनेक स्थानों पर भोग वितरण के साथ भण्डारे का प्रबंध किया जा रहा है। राममंदिर सीतामणी,रामजानकी मंदिर बुधवारी बाजार, सर्वदेव मंदिर बस स्टेण्ड, हनुमान मंदिर एमपी नगर के अलावा अनेक व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा शहर और जिले भर में सैकड़ों स्थान पर 22 जनवरी को अपने सरोकार दिखाये जायेंगे। कोशिश है कि दोपहर 12 बजे से रात्रि तक यह कार्य जारी रहेंगे। भक्तों को इस दौरान सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रसाद और भोजन मिलेगा।

### आज दोपहर शोभायात्रा निकलेगी शारदा विहार से

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आज दोपहर 2.00 बजे शारदा विहार स्थित शिव मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पूजा अर्चना के साथ इसका शुभारंभ होगा। आयोजको ने बताया कि रथ पर भगवान राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी के प्रतीक विराजित होंगे। छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा को परिभाषित करने वाले कर्मा नर्तक दल भी इसमें शामिल होंगे जो अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। शारदा विहार, अमरैयापारा, मुड़ापार, होते हुए शोभा यात्रा ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे से रेलवे क्रॉसिंग शारदा विहार होकर वापस अपनी मूल जगह पर आएगी। इस दौरान यात्रा मार्ग पर कई व्यक्तियों और संगठनों की ओर से स्वागत सत्कार होगा। समापन अवसर पर शिव मंदिर में भगवान श्री राम की आरती होगी। अंत में पुष्पांजलि के साथ लोग अपनी श्रद्धा समर्पित करेंगे। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र के नागरिकों ने इससे पहले एक जनवरी से प्रभात फेरी का सिलसिला शुरू किया जो कल समाप्त होगा।



भोग भण्डारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 को दीपो का प्रज्जवलन, रंगोली एवं मानस गायन समेत अनेकानेक कार्यक्रम होंगे आयोजित। कलेक्टर अजीत बसंत एवं निगम के उपायुक्त खजांची कुम्हार ने गत रात्रि कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर आवश्यक एवं भव्य तैयारी का निर्देश आयोजकों को दिया गया।

### राम दीवाली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे मंत्री देवांगन

**कोरबा।** प्रताप भवन बुधवारी रामजानकी मंदिर में सोमवार को राम दीवाली कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य मंत्री लखन देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद ज्योतसना महंत एवं विशिष्ट अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद, विधायक फूलसिंह राठिया , तुलेश्वर मरकाम,जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, निगम सभापति श्यामसुदंर सोनी, राजपूत समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह,



क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र सिंह पप्पी होंगे। जबकि मंटू सिंह सवा 5 किलो के लड्डू का भोग लगायेंगे।

### कपिलेश्वर मंदिर में रामकथा कल से

**कोरबा।** कपिलेश्वर नाथ मंदिर के स्थापना दिवस एवं अयोध्या राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर रविशंकर शुक्ल नगर स्थित मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन कल 22 जनवरी से किया जा रहा है। 28 जनवरी से चलने वाले इस महोत्सव में चित्रकुट से पधारे अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित विवेक महाराज सुनायेंगे। पहले दिन 22 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। 23 को शिवसती चरित्र, 24 को रामजन्म महोत्सव 25 को बाल चरित्र, 26 को सीता राम विवाह, 27 को हनुमत चरित्र, लंका विजय, 28 को रामराज्य अभिषेक, रासगरबा, फूलों की होली, 29 को हवन पूर्णाहुति, शहस्त्रधारा व भण्डारा कार्यक्रम होगा। कथा प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से होकर सायं 6.30 बजे तक चलेगी। आयोजक महिला मंडल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण का पूण्य लाभ लेने की अपील की है।

### पुलिस, एनसीसी कैडिटो एवं स्काउटों की संयुक्त रोड सेफ्टी रैली निकाली गई



## सभी को भारत माता की रक्षा करने में निभानी होगी महत्वपूर्ण भूमिका:लखन

**कोरबा।** संस्कार भारती कटघोरा की ओर से शुरू से ही भारत माता पूजन के माध्यम से लोगों को देश-भक्ति की भावना की प्रेरणा देता है। भारत माता का यह मंदिर काफी पुराना व लोकप्रिय है एक समय में पूरे मध्यप्रदेश में यह दूसरे नंबर में आता था। जिस प्रकार से देश के नौजवान देश की रक्षा कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार हम सभी को भी अपने भारत मां की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जिस प्रकार से छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी गई वह निश्चित ही सराहनीय है। इस आशय के विचार कोरबा जिले के कटघोरा के मेला ग्राउंड में आयोजित भारत माता पूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने व्यक्त करते हुए कही।



ज्ञातव्य हो कि हर साल की भांति इस वर्ष भी संस्कार भारती कटघोरा की ओर से भारत माता पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटघोरा नगर के सभी स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने बताया कि निश्चित ही हमारे जीवन को जीवन देने वाली हमारी माता होती है, व बाद में हम सभी मिट्टी में ही समाहित हो जाते हैं इसलिए हम सभी इस धरती मां को भारत मां के रूप में पूजते हैं। देश की सेवा में नौजवान भारत मां की रक्षा करने के लिए जिस प्रकार से अपनी जान जोखिम में डालकर देश की रक्षा करते हैं व समय आने पर अपने प्राण भी गंवा देते हैं। धरती मां ही अपनी धरती में अनाज पैदा करके हम सभी का पेट भरती है। आज जिस प्रकार से बच्चों ने यह आयोजन किया है निश्चित ही इससे बच्चों में नया जोश पैदा होता है। आज के बच्चे देश का भविष्य हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से सभी मंचस्थ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रतन मित्तल, संजय शर्मा, धनु प्रसाद दुबे, राम प्रसाद कोर्राम, दुष्यंत शर्मा, रघुराज सिंह उइके, राजेंद्र टंडन, अजय धनोदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललिता डिक्सेना सहित अन्य विशिष्ट जन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को श्रद्धापूर्वक मनायेगा सिंधी समाज



**कोरबा।** हिंद सिंध के क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी के 81वें शहादत दिवस पर आज हेमू कालाणी द्वार सिंधी भवन रानी रोड में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जबकि 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में राम लल्ला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सायं 5 बजे से भजन-कीर्तन आरती, दीप प्रज्जवलन एवं प्रसाद वितरण के पश्चात् आतिशबाजी यहां पर की जायेगी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा ने यह जानकारी देते हुए समाज के साथ-साथ सर्व समाज से अपील की है कि अपने-अपने निवास, संस्थानों को दीपों से रोशन कर आतिश-बाजी एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीराम चंद्र का स्वागत कर इस अवसर पर यादगार बनाये।

## मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे विकास महतो, पूजा आराधना कर मांगी खुशहाली

**कोरबा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महतो ने अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा के बस्तर में स्थित 14वीं शताब्दि के पौराणिक एवं सिद्ध शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर जिले तथा प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृधि एवं खुशहाली की कामना की।

दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के बस्तर में स्थित है। यहां का अनुपम सौंदर्य भक्तों के मन को धार्मिक भाव से भर देता है. देवी के दर्शन हेतु दूर-दूर से लोग यहां पहुँचते हैं। मान्यता है कि देवी के दांत के गिरने पर यहां का नाम दंतेवाड़ा पड़ा तथा देवी को दंतेश्वरी देवी कहा जाता है। हरे भरे वनों एवं पहाड़ियों से परिपूर्ण इस स्थान में माँ सती के दाँत गिरने की पौराणिक कथा का



महत्व दृष्टिगोचर होता है इसके अनुसार माना जाता है की जब एक बार देवी सती के पिता दक्ष ने अपने प्रजापति होने पर एक महायज्ञ का आयोजन किया जिसमें उन्होंने सभी देवों को निमंत्रण दिया किंतु केवल अपनी पुत्री सती व उनके पति भगवान शिव को नहीं बुलाया। क्योंकि उनके मन में शिव के प्रति ईर्ष्या व्याप्त थी। सती को जब इस बात का भान हुआ कि उसके पिता ने यज्ञ का आयोजन किया है तो उनके मन में भी यज्ञ में शामिल होने की इच्छा जागृत हुई और उन्होंने भगवान शिव से जाने की आज्ञा मांगी पहले तो प्रभू ने देवी को समझाया कि बिना बुलाए जाना उचित नहीं है परंतु देवी के आग्रह करने पर शिव ने उन्हें जाने की आज्ञा प्रदान की पिता के घर जाकर उन्हे पिता के कटु वाणी से बहुत आहत हुई परंतु जब उन्होने देखा की यज्ञमंडप में सभी देवताओं के भाग हैं लेकिन भगवान शिव का भाग नहीं है इस पर उन्होंने पिता दक्ष से पूछा तो दक्ष ने भगवान शिव का अपमान करना शुरू कर दिया अपने पति के बारे में अपमान जनक शब्दों को सुन वह बहुत आहत हुई ओर वहीं उस यज्ञ की अग्नि में कूद पड़ी। चारों ओर हाहाकार मच गया, भगवान शिव को इस बात का पता चला तो उन्होंने दक्ष का अंत कर दिया और यज्ञ को नष्ट कर दिया परंतु बाद में दक्ष को जीवन दान दिया। सती के शव को उठाए भगवान शिव ब्रह्माण्ड में विचरने लगे जिस कारण सती के अंग पृथ्वी में चारों ओर गिरे और जहां भी उनके अंग गिरे वह स्थान शक्ति पीठ कहलाए इसी प्रकार दंतेश्वर में माँ का दांत गिरा जिस कारण यह स्थान शक्ति पीठ कहलाया।

### जलाराम मंदिर से निकली शोभायात्रा

**कोरबा।** भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा पर आज जलाराम मंदिर से शिवमंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों युवक शामिल हुए।


-: जय श्री राम :-
फार्म हाउस बेचना है
नया बस स्टेण्ड कोरबा से लगभग 25 किमी दूर रजगामार (ठाकुरखेता में) स्थित फार्म हाउस को शीघ्र बेचना है।
संपर्क करें
मो. 6268146606
नोट :- कृपया ब्रोकर फोन न करें


## दुश्मनों जैसा व्यवहार हो रहा था कार सेवकों के साथ

### सैकड़ो वर्षों का दर्द मिटा 30 साल के संघर्ष में



**कोरबा।** 1990 का वह दौर जब लाखों की संख्या में पहुंचे कार सेवकों ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में हिस्सा लिया, तब तत्कालीन उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ-साथ फर्जी तरीके से भर्ती किए गए जवानों ने उन पर इस अंदाज में लाठियां बरसाई जैसे दुश्मनों के साथ व्यवहार किया जाता है। हजारों राम भक्त को यातना दी गई और अस्थाई जेलों में डाल दिया गया। सैकड़ो वर्षों से राम जन्मभूमि प्राप्त करने के लिए चल रहे प्रयासों पर 30 वर्षों में कानूनी और स्थाई लड़ाई के साथ हमने विजय प्राप्त कर ली, यह बेहद खुशी की बात है।

1990 और 1992 में अयोध्या कार सेवा में शामिल हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व शाखा प्रबंधक राम किशोर श्रीवास्तव को अत्यंत प्रसन्नता है कि आज उनकी आंखों के सामने न केवल राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा हुआ बल्कि उसकी प्राण प्रतिष्ठा भी हो रही है। उनके समेत बहुसंख्यक समाज की पीड़ा यही थी कि उनके अपने आराध्य का मंदिर कब्जाया हुआ है, और समाज उस दर्द को झेल रहा है। जन्मभूमि को मुक्त करने का संकल्प वर्षों से किया गया और इसके लिए अनेक अवसरों पर संघर्ष हुआ। पता नहीं कितनी जिंदगियां इसके लिए न्योछावर हुए। कालांतर में आंदोलन तेज हुई और फिर एक प्रभावी योजना के साथ इस दिशा में आगे बढ़ा गया ।22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अतीत के पन्ने सामने आ रहे हैं और संघर्ष में अपनी भूमिका निभाने वाले कई प्रसंग पर रोशनी डाल रहे हैं। रामकिशोर श्रीवास्तव भी इन्हीं में से एक है जिन्होंने 1990 में अयोध्या में हुई कार सेवा में हिस्सा लिया था। उन दिनों की याद ताजा करते हुए भी बताते हैं कि उनके समूह में राम प्रसाद राजपूत, सुरेश गुप्ता थे। जबकि अन्य समूह में किशोर बुटोलिया, जुड़ावन सिंह ठाकुर थे। कोरबा जिले से बड़ी संख्या में राम भक्त इस आंदोलन में भागीदारी करने के लिए रवाना हुए थे,, जिन्हें खास तौर पर उत्तर प्रदेश में उसे समय की मुलायम सिंह की सरकार के प्रकोप का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद वे थके नहीं और कई प्रकार की परेशानियां का सामना करने के साथ आखिरकार अयोध्या पहुंच गए।

### ऐसा लगा जैसे कोई युद्धभूमि है

श्रीवास्तव बताते हैं कि हम सभी अपने लक्ष्य के साथ मौके पर पहुंचे थे और सब कुछ स्पष्ट था। उत्तर प्रदेश की जनता हमारे समर्थन में थी अगर विरोध में कोई था तो वह थी वहां की सरकार। वे बताते हैं कि फर्जी तरीके से मुस्लिमों की भर्ती पुलिस में सरकार के द्वारा की गई थी जो सीधे राम भक्तों पर अटैक कर रही थी और हर हाल में अपने इरादे दिखा रही थी। ऐसा लगा कि मानो हम कोई दूसरे देश के लोग हैं जिस पर दुश्मन की तरह हमला किया जा रहा है।

### जगह-जगह बनाए थे जेल

बैंक की सेवा से निवृत होने के बाद अब सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं रामकिशोर बताते हैं कि उस दौर में उत्तर प्रदेश सरकार ने राम भक्तों को रोकने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के इरादे से हर जगह अस्थाई जेल बना दिए थे और यह कोशिश उन्हें हतोत्साहित करने की थी। इन सबके बावजूद हमारे मनोबल में कमी नहीं आई।

### संकल्प सिद्धि की प्रसन्नता

रामकिशोर सहित लाखों करोड़ों भक्तों को इस बात की बेहद प्रसन्नता है कि आखिरकार उनके संकल्प सिद्धि पूरी हुई और राम मंदिर निर्माण का सपना पूर्ण हुआ। वर्षों तक जिसके लिए छटपटाहट रही और बहुत कुछ खोना पड़ा, आज राम मंदिर बनने से पुराना दर्द गायब हो गया। वे कहते है कि यह केवल मंदिर नही बल्कि राष्ट्र के मानबिंदु का एक शिखर भी है। जो विश्व को एक प्रभावी संदेश देता नजर आएगा।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com